# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, सोमवार 13 जुलाई 2026



### आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने कहा

# नवा रायपुर बनेगा पीपल सिटी, 70 हजार पौधे लगाए, 5 साल में एक लाख और लगेंगे

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने कहा है कि नवा रायपुर को पीपल सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शहर में पूर्व में लगाए गए लगभग 70 हजार पौधों के अतिरिक्त आगामी पांच वर्षों में एक लाख से अधिक पीपल के पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

श्री चौधरी ने यह बात राज्य में मानसून-2026 के दौरान औद्योगिक इकाईयों द्वारा संचालित वृक्षारोपण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान कही। रायपुर के बेबीलॉन कैपिटल में हुई उच्चस्तरीय बैठक में राज्य की प्रमुख मीडियम एवं लार्ज स्केल औद्योगिक इकाईयों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों, आवास एवं पर्यावरण विभाग तथा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार विकसित भारत-2047 के विजन के अनुरूप विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं। राज्य सरकार निवेश-अनुकूल वातावरण तैयार कर रही है, लेकिन पर्यावरणीय मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया



जाएगा। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल लक्ष्य पूरा करने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों का जीवित रहना सबसे महत्वपूर्ण है। सही समय पर, उपयुक्त प्रजाति के स्वस्थ पौधों का रोपण तथा उनकी नियमित देखभाल और सिंचाई सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने उद्योगों से पीपल, शिरीष, नीम, आम, कटहल सहित स्थानीय एवं दीर्घायु प्रजातियों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 'मन की बात' कार्यक्रम में मियावाकी पद्धति जैसी आधुनिक वृक्षारोपण तकनीकों का उल्लेख किया है और ऐसे नवाचारों को अपनाने से हरित आवरण तेजी से बढ़ाया जा सकता है।

मंत्री श्री चौधरी ने सभी उद्योगों से अपने परिसर तथा आसपास हरित वातावरण विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने निर्देश दिए कि 31 जुलाई तक वृक्षारोपण का निर्धारित लक्ष्य पूरा किया जाए तथा 15 अगस्त तक गुणवत्तापूर्ण पौधरोपण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जाएगी तथा पोर्टल पर समयबद्ध प्रविष्टि अनिवार्य होगी।

उन्होंने बताया कि नवा रायपुर की पहचान बन चुकी सेंध लेक का गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इससे लगभग 12 लाख घन मीटर अतिरिक्त जल भंडारण क्षमता विकसित होगी तथा झील का क्षेत्रफल भी बढ़ेगा। झील के मध्य स्थित लगभग तीन एकड़ के द्वीप पर मियावाकी पद्धति से लगभग 25 हजार पौधे लगाए गए हैं, जिससे प्रवासी पक्षियों के लिए प्राकृतिक बर्ड आइलैंड (ईको-हब) विकसित किया जा रहा है। आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव तथा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अध्यक्ष अंकित आनंद ने कहा कि पिछले एक वर्ष में मंडल ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अब तक लगभग 22 लाख पौधों का रोपण किया जा चुका है, पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य सचिव राजू अगसिमनी ने उद्योगों को निर्देश दिए कि प्रत्येक हेक्टेयर में न्यूनतम 2,500 पौधे लगाए जाएं तथा त्रि-स्तरीय (थ्री-लेयर) पौधरोपण के माध्यम से सघन ग्रीन बेल्ट विकसित की जाए। बैठक में राज्य की प्रमुख औद्योगिक इकाइयों के प्रेसिडेंट, वाइस प्रेसिडेंट एवं डायरेक्टर स्तर के प्रतिनिधि, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### करंट से पूर्व सरपंच और उनके दो बेटों समेत तीन लोगों की मौत

# करंट लगी फेंसिंग से लगातार हो रही मौत, हाईकोर्ट ने रोकथाम के लिए स्पष्ट नीति और एसओपी बनाने कहा

**बिलासपुर।** बिलासपुर में करंट लगने से पूर्व सरपंच और उनके दो बेटों समेत तीन लोगों की मौत के मामले में हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने मीडिया रिपोर्ट को जनहित याचिका मानते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और ऊर्जा विभाग के सचिव को एफिडेविट पेश करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि राज्य में बिजली ढांचे (इलेक्ट्रिकल इंफ्रास्ट्रक्चर) के निरीक्षण और रखरखाव की मौजूदा व्यवस्था, ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अपनाए गए सुरक्षा उपाय और लापरवाही तय करने की प्रक्रिया को स्पष्ट किया जाए। हाईकोर्ट ने कहा कि बिजली प्रवाहित फेंसिंग की वजह से लगातार लोगों की जान जा रही है। कई लोग अपनी फसल, संपत्ति या पशुओं की सुरक्षा के लिए खेत, फार्महाउस और घरों के आसपास बिजली युक्त फेंसिंग लगा देते हैं। इसकी चपेट में आने से अनजान लोगों को गंभीर नुकसान होता है और कई मामलों में उनकी मौत तक हो जाती है।



डिवीजन बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि ऐसे मामलों में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज किए जाते हैं, लेकिन इस तरह की घटनाएं बार-बार हो रही हैं। इससे साफ है कि सिर्फ केस दर्ज करना पर्याप्त नहीं है। इन हादसों को रोकने के लिए प्रभावी और स्थायी व्यवस्था बनाना जरूरी है। कोर्ट ने यह भी कहा कि इलेक्ट्रिक फेंसिंग का खतरा सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं है, बल्कि घरेलू और वन्यजीव भी इसकी चपेट में आकर जान गंवा रहे हैं। इसलिए यह मामला सार्वजनिक सुरक्षा और पशु संरक्षण, दोनों से जुड़ा गंभीर विषय है। हाईकोर्ट ने रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि सीएसपीडीसीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर को भी इस जनहित याचिका में पक्षकार बनाया जाए। साथ ही राज्य सरकार और बिजली कंपनी से पूछा कि ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए कोई स्पष्ट नीति या स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर लागू है या नहीं। अगर ऐसी कोई नीति नहीं है, तो नई नीति बनाने, उसे लागू करने और उसके लिए निर्धारित समय-सीमा की जानकारी शपथपत्र में देने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी।

**2 महीने में 8 मौतें, मामला गंभीर**

कोटा ब्लॉक के भाड़म गांव में करंट लगने से पूर्व सरपंच महिला और उनके दो बेटों की मौत की खबर पर हाईकोर्ट ने एक्शन लिया है। मीडिया रिपोर्ट को जनहित याचिका मानते हुए सुनवाई शुरू की गई। बता दें कि जिले में जर्जर और ढीले बिजली तार लगातार लोगों की जान ले रहे हैं। बीते दो महीनों में करंट लगने की अलग-अलग घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद बिजली विभाग फिलहाल लोगों को सतर्क रहने की एडवाइजरी जारी करने तक ही सीमित नजर आ रहा है। प्रदेश में सबसे बदहाल बिजली व्यवस्था को लेकर पहले से ही हाईकोर्ट में एक मामला पेंडिग है।

# सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी में कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर कांग्रेस विधायक दल की बैठक में कई अहम विषयों को लेकर चर्चा की गई। साथ ही राज्य सरकार को घेरने के लिए विशेष रणनीति बनाई गई। सत्र के दूसरे दिन 14 जुलाई को कांग्रेस, सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएगी। पहले दिन अयोध्या स्थित राम मंदिर के चढ़ावा चोरी मामले को लेकर विपक्ष सदन में स्थगन प्रस्ताव लाएगा। दूसरे दिन नकटी में ग्रामीणों के मकानों में तोड़फोड़ किए जाने का मुद्दा भी स्थगन के माध्यम से उठाया जाएगा। वहीं खाद-बीज के मामले में किसानों को हो रही दिक्कतों को लेकर भी स्थगन प्रस्ताव लाए जाने को लेकर चर्चा की गई।

बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि इस सरकार ने प्रदेश की जनता को धोखा दिया है। अपने बातों से मुकरे हैं। भ्रष्टाचार चरम पर है। इनके राज्य में रेत माफिया लोगों की जान ले रहे हैं। जिंदा जला रहे हैं। इनके राज्य में शराब गली-गली बिक रही है। ऐसे तमाम मुद्दों को लेकर सरकार हम सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएंगे।

■ विधायक दल की बैठक में बनी विशेष रणनीति

नकटी में ग्रामीणों के मकानों को तोड़फोड़ कर हटाए जाने के मामले को कांग्रेस प्रमुखता से विधानसभा में उठाएगी। मामले को लेकर पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने बैठक में विधायकों को पॉवर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से पूरी जानकारी दी। मामले में राज्य सरकार द्वारा चारागाह की जमीन खाली कराने के पीछे के उद्देश्यों के बारे में भी बताया गया। छत्तीसगढ़ विधानसभा का पांच दिवसीय मानसून सत्र 13 जुलाई से शुरू होगा। सत्र भले ही छोटा हो, लेकिन राजनीतिक रूप से काफी अहम माना जा रहा है। विपक्ष सरकार को कई मुद्दों पर घेरने की तैयारी में है, विपक्ष ने इसके लिए आक्रामक रणनीति बनाई है। बता दें कि इस बार विधानसभा सचिवालय में कुल 1033 प्रश्न लगाए गए हैं। इनमें 36 विधायकों ने नियमों के तहत अधिकतम 20-20 प्रश्न लगाए हैं।

### बैठक में ये रहे मौजूद

कांग्रेस विधायक दल की बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज सहित सभी पूर्व मंत्री मौजूद रहे। बैठक में दो विधायक मौजूद नहीं थे। बताया गया है कि सभी विधायकों को सरकार के खिलाफ हर मामले में अपना पक्ष रखने का प्रयास करने के बारे में बताया गया। बैठक में बैज के 3 साल का कार्यकाल पूरा होने पर उन्हें बधाई दी गई।

# पुराने मीटरों की रीडिंग को स्मार्ट झटका 35 से 40 दिनों की हो रही बिलिंग

**रीडरों को एक सप्ताह विलंब से मिल रहा डाटा, रीडिंग में हो रहा है विलंब**

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

स्मार्ट मीटर से सीधी रीडिंग के कारण अब पुराने मीटर वाले उपभोक्ताओं की आफत हो गई है। स्मार्ट मीटर की बीते दो माह से कंट्रोल रूम से रीडिंग करके उपभोक्ताओं को उनके मोबाइल पर ही बिल भेजा जा रहा है। यह व्यवस्था अच्छी है, लेकिन इसके कारण पुराने मीटर के उपभोक्ता परेशानी में पड़ गए हैं। पहले रीडरों को एक तारीख से पहले डीसी सेंटरों से रीडिंग का डाटा मिल जाता था, लेकिन अब एक सप्ताह विलंब से डाटा मिलने के कारण रीडिंग विलंब से प्रारंभ हो रही है। ऐसे में 35 से 40 दिनों की बिलिंग हो रही है जबकि नियम से 30 दिनों की बिलिंग होनी चाहिए। इसकी वजह से बिल जमा करने के लिए समय भी कम मिल रहा है।

प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगने का काम चल रहा है। इस बीच अब तक जिन करीब 40 लाख उपभोक्ताओं के कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लग चुके हैं, उनके मीटरों की रीडिंग सीधे कंट्रोल रूम से करने का काम बीते माह से प्रारंभ किया गया है। ऐसे करने के पीछे की वजह पेपरलेस बिलिंग सिस्टम अपनाना है। यह व्यवस्था अच्छी तो है, लेकिन इस व्यवस्था के कारण कुछ परेशानी भी सामने आ रही है। स्मार्ट मीटरों में माह के अंत में 30 या 31 तारीख की रीडिंग को देखकर बिल बनाना है। इस तारीख के हिसाब से बिल तो बन रहा है, लेकिन बिलिंग 6 से 7 तारीख को हो रही है। ऐसा होने से रीडरों को डाटा समय पर नहीं मिल रहा है। स्मार्ट मीटर की बिलिंग 6 से 7 तारीख को होने के कारण पुराने मीटरों की रीडिंग करने वाले रीडरों को डीसी सेंटरों से 8 तारीख को डाटा मिल रहा है। पहले इनको एक तारीख या इससे पहले भी डाटा मिल जाता था तो इनकी रीडिंग एक तारीख से प्रारंभ हो जाती थी। यह रीडिंग एक से 15 तारीख तक चलती है। लेकिन अब रीडिंग विलंब से हो रही है। विलंब से रीडिंग होने के कारण पुराने मीटरों का बिल जो पहले 30 दिनों का या फिर किसी कारण से दो दिनों का विलंब होने पर 32 दिनों का बनता था, वह अब 35 से 40 दिनों का बन रहा है। ऐसे में बिल ज्यादा आएगा।

### 30 दिनों की रीडिंग संभव नहीं

पॉवर कंपनी के जानकारों और रीडरों का साफ कहना है, तीस दिनों की रीडिंग उसी हाल में संभव है जब हर माह एक तारीख या फिर तय तिथि पर रीडिंग हो। किसी भी मीटर में माह के अंतिम तिथि की रीडिंग दर्ज रहती है। अगर किसी उपभोक्ता के घर पर रीडर पांच तारीख के स्थान पर 10 तारीख को जाएगा तो उस दिन की रीडिंग लेने पर 35 दिन का बिल बनेगा। अगर लीडर 15 तारीख को जाएगा तो 40 दिनों का बिल बनेगा। अगर मीटर से माह के अंतिम दिन की रीडिंग ली जाएगी तो 20 से 25 दिनों का बिल बनेगा। क्योंकि पिछली रीडिंग पांच तारीख को ली गई थी। जिन उपभोक्ताओं की रीडिंग जिस तारीख को होती है, रीडर उसी तिथि में दूसरे माह को जाएगा तभी 30 दिनों की रीडिंग संभव होगी, अन्यथा जितने दिन विलंब से रीडर जाएगा, उतने दिनों का ज्यादा बिल बनेगा, जो नियमों के हिसाब से गलत है। रीडर खुद नाम न छापने की शर्त पर बताते हैं कि दो माह से रीडिंग का पूरा शेड्यूल बिगड़ गया है।

# छत्तीसगढ़ में बिजली के बढ़ते दाम और बिजली बिल को लेकर कांग्रेस का अनोखा विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

राजधानी रायपुर में अघोषित बिजली कटौती, बढ़ते बिजली बिल और लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर कांग्रेस ने विरोध का अनोखा तरीका अपनाया। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय की अगवाई में कार्यकर्ताओं ने ट्रांसफार्मर और बिजली मीटर की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सरकार को निशाने पर लिया। प्रदर्शन के जरिए कांग्रेस ने महंगी बिजली और लगातार हो रही कटौती के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चिंताहरण हनुमान मंदिर चौबे कॉलोनी में पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच ट्रांसफार्मर और बिजली मीटर की पूजा की। ट्रांसफार्मर पर तिलक लगाया गया, स्वास्तिक बनाया गया, अगरबत्ती जलाई गई और आरती उतारी गई। इसके बाद इसी तरह बिजली मीटर की भी पूजा की गई। कार्यकर्ताओं ने हाथ जोड़कर बिजली बिल कम आने और अघोषित बिजली कटौती खत्म होने की प्रार्थना की। कार्यकर्ताओं ने बिजली बिल कम करने और बिजली संकट दूर करने की मांग वाली तख्तियां भी हाथों में थाम रखी थीं।

कांग्रेस नेता विकास उपाध्याय ने कहा कि बिजली की समस्याओं को लेकर लगातार आंदोलन करने के बावजूद सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया। इसलिए भारतीय परंपरा के अनुसार भगवान से प्रार्थना कर यह अनोखा प्रदर्शन किया गया, ताकि बिजली के दाम कम हों, अघोषित कटौती रुके और आम जनता को राहत मिल सके। कांग्रेस ने इस प्रदर्शन के जरिए सरकार पर बिजली व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए।

उन्होंने कहा, सोलर पैनल के माध्यम से अधिक बिजली उत्पादन पर बिजली सरकार द्वारा क्रय की जाएगी। जनता को सरकार 4 से 8 रुपए प्रति यूनिट की दर से चार्ज कर रही है। सोलर पैनल से उत्पादन बिजली की लगभग 1.80 रुपए यूनिट की दर से खरीदी जा रही है। ये तो सीधे-सीधे जनता को छलने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है।

### सोने-चांदी की कीमत कम ज्यादा होने से 80 फीसदी कारोबार प्रभावित

# शादियों का सीजन खत्म, सराफा की चमक फीकी पड़ी, अब त्योहारी सीजन से उम्मीद

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

सोने और चांदी के लगातार घटते दाम के कारण प्रदेश का सराफा कारोबार एक बार फिर से 80 फीसदी तक चौपट हो गया है। कुछ दिनों तक शादियों के सीजन के कारण थोड़ी रौनक लौटी थी, लेकिन अब वापस कारोबार मंदा हो गया है। जहां एक तरफ निवेशकों ने हाथ खड़े कर दिए हैं, वहीं सामान्य ग्राहकों का भी टोटा हो गया है। सामान्य ग्राहक दाम और कम होने का इंतजार कर रहे हैं।

प्रदेश में रोज सोने और चांदी का करीब 50 करोड़ का कारोबार होता है, इसमें से करीब 30 करोड़ का कारोबार निवेश से ही होता है। लेकिन अब निवेशकों ने हाथ खड़े कर दिए हैं तो रोज करीब 25 करोड़ का कारोबार प्रभावित हो गया है। 80 फीसदी निवेश भी बंद हो गया है। यही नहीं आम खरीदारी भी बहुत कम होने के कारण सराफा कारोबारियों की हालत खराब हो गई है। आम खरीदारी भी 80 फीसदी कम हो गई है। कुल मिलाकर रोज का कारोबार अब दस करोड़ से भी कम का रह गया है। चांदी के आयात पर प्रतिबंध के कारण इसके दाम बढ़ने की संभावना थी,



लेकिन अब दाम कम हो गए हैं। लेकिन इसके बाद भी खरीदारी नहीं हो रही है।

सराफा कारोबारियों के मुताबिक सराफा का कारोबार तो अब पूरी तरह से चौपट ही हो गया है। आम खरीदारी सोने और चांदी के रोज बदलते दाम के कारण पहले ही कम हो गई है। अब तो चांदी का आयात बंद होने के बाद चांदी का आना भी बंद हो गया तो इसका कारोबार नहीं के बराबर हो रहा है। इसी के साथ सोने के जेवरों की खरीदारी भी नहीं के बराबर हो गई है। आम लोग जो पहले सोने और चांदी में निवेश करने के लिए सोना और चांदी खरीदते थे, उनकी खरीदारी पूरी तरह से बंद है। अब कोई भी इसमें निवेश नहीं करना चाहता है। बड़े निवेशकों ने भी निवेश लगभग बंद कर दिया है। निवेशकों में रोज कम होते दाम के कारण दहशत है। जिन कारोबारियों के यहां रोज एक करोड़ का कारोबार होता है, उनका रोज का कारोबार अब 20 लाख का भी नहीं हो रहा है। छोटे कारोबारियों को कई बार बोहनी के भी लाले पड़ रहे हैं।

### चांदी 60 हजार सस्ती

चांदी पर बीते माह 16 मई से प्रतिबंध लगा है। इसके एक दिन पहले चांदी के दाम 287600 रुपए थे। चांदी कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी के मुताबिक ऐसी संभावना जताई जा रही थी कि चांदी का आयात बंद होने से निवेशकों की चांदी बाहर आएगी तो दाम बढ़ेंगे। लेकिन दाम बढ़ने के स्थान पर कम हो गए हैं। इस समय चांदी के दाम 227400 रुपए हैं। यानी चांदी के दाम करीब 60 हजार रुपए कम हो गए हैं। इसी के साथ सोने के दाम भी कम ही हुए हैं। सोना एक माह पहले 166600 रुपए था, यह अब 147400 रुपए हो गया है।


MAKHIJA IVF & FERTILITY CENTRE

Faith

शुक्राणुओं की मात्रा कम या निल होने, गुणवत्ता में कमी होने पर भी ICSI जैसी आधुनिक तकनीकों द्वारा संतान प्राप्ति संभव हो पा रहा है

निःसंतान महिला/पुरुष परामर्श हेतु संपर्क कर सकते हैं?

- बंद फेलोपियन ट्यूब
- 35 से अधिक उम्र, Low AMH
- माहवारी बंद होना, माहवारी का अनियमित होना
- अण्डों का न बनना / समय पर न फूटना (PCOD)
- बच्चेदानी में गांठ, बच्चेदानी में दीवार
- ओवरी सिस्ट, चॉकलेट सिस्ट
- एंडोमेट्रियोसिस, एडिनोमायोसिस
- बार-बार गर्भपात होना
- बार-बार IVF का फेल होना
- महिला नसबंदी
- पुरूष के वीर्य में शुक्राणुओं की मात्रा कम / निल होना
- शुक्राणु की गुणवत्ता में कमी एवं आकार में खराबी
- शुक्राणु की गतिशीलता में कमी
- पुरुष नसबंदी

निःसंतानता ईलाज हेतु संपर्क करें या अपनी रिपोर्ट भेजें

EMI की सुविधा | 8085758585 | पारदर्शी इलाज

0% इंटरेस्ट रेट | उच्च सफलता



हम आपके परिवार को पूरा करते हैं ...

माखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर

Life begins here

अग्रसेन चौक के पास, टेलीफ़ोन एक्सचेंज रोड, बिलासपुर 8085758585

जल विहार कॉलोनी, तेलीबांधा तालाब के पास, रायपुर 8881588807

उपलब्ध सेवाएं - फर्टिलिटी जाँच • IUI • IVF • ICSI • लेज़र हैचिंग • ब्लास्टोसिस्ट • लेप्रोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • डोनर सर्विसेज बच्चेदानी का ऑपरेशन • बच्चेदानी की गठान का ऑपरेशन • चॉकलेट सिस्ट • एडिनोमायोसिस • एंडोमेट्रियोसिस


चार्जशीट में सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल के अलावा बेटिंग सिंडिकेट पैनल से जुड़े लोगों के नाम शामिल

महादेव सट्टा एप में छह और चार्जशीट 6000 करोड़ का मामला, 66 आरोपी


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## सट्टा किंग सौरभ की गिरफ्तारी पर सस्पेंस

### छत्तीसगढ़ पुलिस ने भी कहा- हमारे पास इस तरह की कोई जानकारी नहीं

# हरिभूमि ने पूछा तो ओमान बोला- भारतीय दूतावास से पूछिए, दूतावास ने कहा- पासपोर्ट भेजिए

ब्रह्मवीर सिंह ▶▶| रायपुर

महादेव ऑनलाइन बेटिंग ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर की ओमान में गिरफ्तारी की खबर की पुष्टि अब तक नहीं हुई है। कई राष्ट्रीय मीडिया संस्थानों में गिरफ्तारी और भारत द्वारा प्रत्यर्पण प्रक्रिया शुरू किए जाने की खबरें प्रकाशित होने के बावजूद ओमान सरकार और भारतीय दूतावास ने अब तक इसकी स्पष्ट पुष्टि नहीं की है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने भी कहा-हमारे पास इस तरह की कोई जानकारी नहीं है। इसकी पुष्टि के लिए हरिभूमि ने रॉयल ओमान पुलिस, ओमान में स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क किया। वहां से न हां कहा गया न इंकार किया गया। इसके बाद सस्पेंस गहरा गया है।

हरिभूमि फॉलोअप

मामले की स्वतंत्र पुष्टि के लिए हरिभूमि ने सबसे पहले रॉयल ओमान पुलिस को ईमेल भेजकर पूछा कि क्या सौरभ चंद्राकर को हिरासत में लिया गया है। इसके जवाब में रॉयल ओमान पुलिस ने न तो खबर का खंडन किया और न ही पुष्टि की। उन्होंने संक्षिप्त जवाब देते हुए कहा, Please contact your country embassy in the Sultanate of Oman. यानी इस संबंध में भारत के दूतावास से संपर्क करने की सलाह दी।

### न ओमान सरकार ने गिरफ्तारी की पुष्टि की, न खंडन


Hello Dear,

Please contact your country embassy in the Sultanate of Oman.

Best Regards,



### छग पुलिस के पास भी कोई खबर नहीं

हरिभूमि ने इस संबंध में छत्तीसगढ़ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क किया। आला अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अब तक उनके पास सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी के बारे में कोई अधिकृत खबर नहीं है। उसके प्रत्यार्पण के संबंध में भी केंद्रीय एजेंसियां ही जवाब दे सकती हैं। स्थानीय और राष्ट्रीय मीडिया में खबर थी कि सौरभ की ▶▶| शेष पेज 4 पर


फर्जी इंडोनेशियाई पासपोर्ट बनाकर ओमान में घुसा था, भारत लाए जाने की तैयारी


महादेव सट्टे का मालिक सौरभ ओमान में फंसा, 6000 करोड़ का है नेटवर्क

### हरिभूमि ने मस्कट स्थित भारतीय दूतावास से मांगी जानकारी

*इसके बाद हरिभूमि ने मस्कट स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क कर सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी और प्रत्यर्पण प्रक्रिया के संबंध में आधिकारिक जानकारी मांगी। दूतावास के कम्युनिटी वेलफेयर विंग की ओर से जवाब आया कि यदि सौरभ चंद्राकर का पासपोर्ट अथवा अन्य पहचान संबंधी विवरण उपलब्ध कराया जाए, तो मामले को स्थानीय अधिकारियों के पास भेजकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। दूतावास के इस जवाब में भी न तो गिरफ्तारी से इनकार किया गया और न ही इसकी पुष्टि की गई।*

*हरिभूमि ने दूतावास को जवाब देते हुए स्पष्ट किया कि एक समाचार संस्थान के पास संबंधित व्यक्ति का पासपोर्ट उपलब्ध होना संभव नहीं है। साथ ही यह भी बताया कि मीडिया रिपोर्टों में स्वयं यह दावा किया जा रहा है कि सौरभ चंद्राकर कथित तौर पर फर्जी पासपोर्ट के जरिए यात्रा कर रहा था। ऐसे में पत्रकार के लिए पासपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराना संभव नहीं है। हरिभूमि ने दूतावास से उपलब्ध सरकारी रिकॉर्ड के आधार पर स्थानीय अधिकारियों से तथ्यात्मक पुष्टि करने का आग्रह किया है।*

### भारतीय दूतावास ने मांगा पहचान संबंधी विवरण


Brahmaveer Singh 10 Jul
Dear Sir/Madam, Greetings. I am Brahmaveer Singh, Editor of

Dinesh R... 16:27
to me

Sir,

Reference trailing mail regarding Detention of Mr. Saurabh Chandrakar.

2. You are requested to provide Passport copy and other details of Mr. Saurabh to refer the matter to concerned local authorities to ascertain details.

Warm regards,

Akhil Joseph
Community Welfare Wing
Embassy of India
Muscat

### पहले भी गिरफ्तारी की खबर उड़ चुकी हैं

सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी की खबर पहले भी कई बार सामने आ चुकी है। 2024 में यूएई में हिरासत की खबरें भी सुर्खियों में रहीं, लेकिन वह भारत नहीं लाया गया। अब ओमान में हिरासत की खबरों के बीच हरिभूमि ने स्वतंत्र सत्यापन किया, जिसमें अब तक न ओमान सरकार और न ही भारतीय दूतावास ने गिरफ्तारी की स्पष्ट पुष्टि की है। इतना ही नहीं, ▶▶| शेष पेज 4 पर

---

सत्र के दौरान होंगी पांच बैठकें

## आज से विधानसभा का मानसून सत्र, हंगामेदार होने के आसार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार से शुरू होगा। पांच दिन चलने वाले सत्र के दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप से सत्र के हंगामेदार होने के आसार हैं। सत्र में विपक्ष के तेवर आक्रामक रहने के संकेत हैं। प्रश्नकाल, शून्यकाल और ध्यानाकर्षण प्रस्तावों के दौरान सरकार और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिल सकती है। विपक्ष का सबसे बड़ा हमला प्रदेश की ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 1033 सवाल लगाए

*विपक्ष के पास नकटी में ग्रामीणों के मकानों में तोड़फोड़, सामूहिक विवाह में खोटा मंगलसूत्र, कानून व्यवस्था, राजस्व विभाग में गड़बड़ी, बिजली बिल में बढ़ोत्तरी, बिजली कटौती, किसानों को खाद-बीज वितरण, मानसून की स्थिति पर बोनी, खनिज माफियाओं का आतंक, रेत खदानों में अवैध उत्खनन, स्कूलों में गणवेश और पुस्तक वितरण, घटिया सड़कों का निर्माण, सहित कई अन्य मुद्दों पर बहस होगी। सत्र के लिए विधायकों ने कुल 1033 सवाल लगाए हैं।*

पश्चिमी प्रशांत महासागर में कई मौसमी सिस्टम

## देश में जल्द लौटेगा रूठा मानसून, होगी झमाझम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत के मौसम में इन दिनों मिलीजुली स्थिति बनी हुई है। पहाड़ों पर मौसम की मार से लोग बेहाल हैं। वहीं देश के ज्यादातर इलाकों में सूखा सा माहौल है। बारिश की कमी से किसान चिंतित हैं। मानसून की रफ्तार रुक गई है, लेकिन अच्छी खबर यह है कि पश्चिमी प्रशांत महासागर में कई मौसमी सिस्टम बन रहे हैं। ऐसे में जल्द की झमाझम बारिश की उम्मीद मौसम विभाग ने जताई है। प्रशांत महासागर से आने वाली संभावनाएं उम्मीद की किरण बनकर उभरी हैं। अगर ये सिस्टम बढ़े तो बारिश होगी।

**उत्तराखंड में जगह-जगह भूस्खलन:** उत्तराखंड में विभिन्न स्थानों पर पिछले 24 घंटे के दौरान भारी बारिश के कारण जगह-जगह भूस्खलन होने से 126 मार्ग अवरुद्ध हो गए।


सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹108815/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹132900/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹145072/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
aNaND Jewels Pandri, Raipur


---

शराब के नशे में रेंजर का नेशनल हाईवे पर हाई वोल्टेज ड्रामा


## बस को रोककर गाली गलौज, पुलिस दखल के बाद भी दिखाता रहा अकड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

गरियाबंद जिले के मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे 130सी मुख्य मार्ग पर शनिवार रात करीब 11 बजे एक यात्री बस को रोककर शराब के नशे में रेंजर ने काफी हंगामा किया। पुलिस के आने के बाद भी वह काफी देर तक अकड़ दिखाता रहा और यात्री परेशान होते रहे। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने दंबगई दिखाते हुए ड्राइवर के साथ गाली गलौज भी की, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ है। ड्राइवर ने थाने में घटना की शिकायत की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक मामला मैनपुर विकासखण्ड के इंदागांव थाना क्षेत्र का है, जहां रात में शारदा ट्रेवल्स की बस रायपुर से यात्रियों को लेकर देवभोग की ओर जा रही थी। इसी दौरान ध्रुवागुड़ी कालिमाटी के पास इंदागांव वन परिक्षेत्र के रेंजर सुशील ▶▶| शेष पेज 4 पर



### साइड नहीं देने पर किया विवाद

*आरोप है कि साइड नहीं देने की बात को लेकर वन अधिकारी सुशील सागर बस चालक से गाली-गलौच करते हुए विवाद करने लगा। उनके साथ मौजूद कर्मचारी भी चालक से बहस करते नजर आया। इस दौरान बस करीब आधे घंटे तक सड़क पर खड़ी रही, जिससे यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा.*

### की जा रही है जांच

*इंदागांव थाना प्रभारी डोमेंद सिन्हा ने बताया कि चालक की शिकायत प्राप्त हुई है और मामले की जांच की जा रही है। इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी का पक्ष लेने के लिए उनके मोबाइल नंम्बर में फोन किया गया लेकिन उनका मोबाइल बंद बता रहा है।*

### वन अधिकारी के खिलाफ पुलिस में शिकायत

बस चालक यशवंत बंजारे ने बताया कि अभ्यारण्य क्षेत्र में हाईवे सिंगल लेन है और लगातार बारिश के कारण सड़क भी क्षतिग्रस्त है। ऐसे में सुरक्षित स्थान मिलने पर ही वाहनों को साइड देते हैं। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए जोखिम नहीं उठाया जा सकता था। चालक ने बताया कि उसने डायल-112 पर कॉल कर पुलिस से मदद मांगी और इंदागांव थाने में वन अधिकारी के खिलाफ लिखित शिकायत भी दर्ज कराई। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने मामला शांत कराने का प्रयास किया।

## नक्सली डंप से 16 लाख का सोना, दो लाख नगद बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

हाल ही में हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने वाले आत्मसमर्पित माओवादियों की निशानदेही पर थाना बारसूर क्षेत्र के ग्राम तोड़मा के घने जंगलों में चलाए गए सर्च अभियान के दौरान माओवादियों के छिपाकर रखा गया नकद, आभूषण, हथियारों और विस्फोटकों के कई डंप बरामद किए गए। सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने और अपनी गतिविधियों को संचालित करने के उद्देश्य से इन सामग्रियों को जमीन के नीचे अलग-अलग जगहों पर छिपाकर रखा गया था। इसमें करीब 16 लाख रुपए का सोना और दो लाख रुपए नगद शामिल है। सर्चिंग अभियान के दौरान 116 ग्राम सोने के ▶▶| शेष पेज 4 पर

### पाइप और तीर बम मिले

अन्य सामानों में टिफिन बम 6 , पाइप बम 4, तीर बम 122, पैरा बम 1, देशी हैण्ड ग्रेनेड 2, देशी मोर्टार 2, जिलेटिन 1 स्टील डब्बा, डेटोनेटर 20, कोडेक्स वायर 1 बंडल, कुकर 14, वर्दी कपड़ा, दवाइयां, पर्चे-पाम्पलेट एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद की गई है।

---

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त कुरैशी की किताब में बड़ा खुलासा

## मैं आत्महत्या कर लूंगा, ऐसा क्यों बोले थे डॉ. मनमोहन?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

'मैं आत्महत्या कर लूंगा...', ये शब्द 2012 में प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह ने तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) एस वाई कुरैशी से तब कहे थे, जब निर्वाचन आयोग के कामकाज को लेकर कुछ मंत्रियों की 'बेतुकी बयानबाजी' से आहत कुरैशी ने अपनी नाराजगी प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंचाई थी। सिंह ने कुरैशी से यह भी कहा था कि निर्वाचन आयोग केवल 'भारत का गौरव' नहीं, बल्कि देश के लोकतंत्र की 'आत्मा' है और 'अगर हमने इसे खो दिया तो सबकुछ खो देंगे। इस दिलचस्प बातचीत का जिक्र ▶▶| शेष पेज 4 पर

### क्यों हुई थी मुलाकात?

कुरैशी के मुताबिक, उन्होंने चुनाव आयोग के खिलाफ कुछ केंद्रीय मंत्रियों की टिप्पणी पर अपनी नाराजगी प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंचाई थी। इसके बाद मनमोहन सिंह ने उन्हें तुरंत मिलने के लिए बुलाया। मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें मंत्रियों के बयानों की जानकारी नहीं थी और अगर पहले पता चलता तो वे उन्हें फटकार लगाते। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव आयोग देश के लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण संस्थाओं में से एक है और उसकी गरिमा हर हाल में बनी रहनी चाहिए।



### क्या है पूरा विवाद?

किताब के मुताबिक, यह मामला जनवरी 2012 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का है। उस समय तत्कालीन केंद्रीय कानून मंत्री सलमान खुर्शीद ने चुनाव प्रचार के दौरान मुस्लिमों के लिए 4.5 फीसदी उप-कोटा बढ़ाकर 9 फीसदी करने का वादा किया था। भाजपा ने इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए चुनाव आयोग में शिकायत की। सुनवाई के बाद चुनाव आयोग ने सलमान खुर्शीद को कड़ी फटकार लगाई। ▶▶| शेष पेज 4 पर

### कुरैशी की किताब में क्या-क्या?

*कुरैशी की पुस्तक इंडिया एंड आई: ए हंड्रेड मेमोरीज, नॉट ए मेमॉयर में सार्वजनिक जीवन के कई ऐसे अनुभवों का जिक्र किया गया है, जो पहले सामने नहीं आए थे। मनमोहन सिंह से जुड़ा यह प्रसंग भी उन्हीं संस्मरणों में शामिल है और इसे लेखक ने सांविधानिक संस्थाओं के प्रति तत्कालीन प्रधानमंत्री की संवेदनशीलता का उदाहरण बताया है।*




चिंतन

# अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन है जहाजों पर हमले

समुद्र केवल देशों की सीमाओं को जोड़ने वाला माध्यम नहीं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा भी है। दुनिया के लगभग 80 प्रतिशत से अधिक व्यापार का संचालन समुद्री मार्गों से ही होता है। ऐसे में यदि अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में चल रहे व्यापारिक जहाजों पर हमले होने लगे, तो यह केवल किसी एक देश पर हमला नहीं, बल्कि वैश्विक व्यापार व्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय कानून और सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था को खुली चुनौती है। यह एक तरह से अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन है। ओमान तट के पास व्यापारी जहाज 'जीएफएस गैलेक्सी' पर हुआ हमला इसी बढ़ते खतरे का ताजा उदाहरण है। इस जहाज पर 11 भारतीय नागरिक सवार थे, जिनमें से 10 को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि एक नाविक अब भी लापता है। भारत ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए स्पष्ट कहा है कि व्यापारी जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना तुरंत बंद होना चाहिए। मस्कट स्थित भारतीय दूतावास ओमान सरकार के साथ मिलकर लापता भारतीय की तलाश में जुटा है। चिंता की बात यह है कि यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब पश्चिम एशिया पहले से ही ईरान-अमेरिका तनाव, परमाणु विवाद और सैन्य टकराव के कारण अस्थिर बना हुआ है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापारिक मार्गों में शामिल है। वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। यदि इस क्षेत्र में असुरक्षा बढ़ती है, तो इसका सीधा असर ऊर्जा आपूर्ति, तेल की कीमतों, माल ढुलाई और पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ना तय है। ईरान के वरिष्ठ नेता होर्मुज को अपनी रणनीतिक शक्ति बता रहे हैं, जबकि अमेरिका इस क्षेत्र में सैन्य कार्रवाई तेज कर रहा है। दोनों देशों के बीच बढ़ता टकराव केवल दो राष्ट्रों का विवाद नहीं रह गया है, बल्कि इसका खामियाजा उन निर्दोष नाविकों और व्यापारिक जहाजों को भुगतना पड़ रहा है, जिनका किसी सैन्य संघर्ष से कोई संबंध नहीं है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून स्पष्ट रूप से कहता है कि युद्ध या तनाव की स्थिति में भी व्यापारिक जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना नहीं बनाया जा सकता। इसके बावजूद यदि ऐसे हमले जारी रहते हैं, तो यह नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। भारत के लिए यह मामला और भी महत्वपूर्ण है। देश का अधिकांश विदेशी व्यापार समुद्री मार्गों से होता है और लाखों भारतीय नागरिक दुनिया भर के व्यापारिक जहाजों पर काम कर रहे हैं। ऐसे में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, समुद्री व्यापार की निर्बाध आवाजाही और ऊर्जा आपूर्ति की रक्षा राष्ट्रीय हित का विषय है। भारत को केवल कूटनीतिक बयान तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसे अपनी समुद्री सुरक्षा नीति को और मजबूत करना होगा। भारतीय नौसेना की सक्रिय तैनाती, मित्र देशों के साथ खुफिया सहयोग, समुद्री निगरानी और संकटग्रस्त क्षेत्रों में त्वरित राहत एवं बचाव क्षमता को और सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। साथ ही, भारत को अपनी संतुलित विदेश नीति का उपयोग करते हुए तनाव कम करने और संवाद को बढ़ावा देने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। भारत की विश्वसनीय छवि और सभी पक्षों से संवाद की क्षमता उसे इस दिशा में प्रभावी योगदान देने का अवसर देती है। समुद्र किसी एक देश की जागीर नहीं, बल्कि पूरी मानवता की साझा धरोहर हैं। यदि व्यापारिक जहाज युद्ध का निशाना बनने लगे, तो इसका असर हर देश की अर्थव्यवस्था और आम नागरिकों की जेब पर पड़ेगा। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को केवल चिंता व्यक्त करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि ऐसे हमलों के खिलाफ ठोस और सामूहिक कार्रवाई करनी होगी।

परियोजनाएं
विवेक मिश्रा



# सामरिक प्रभुत्व तय करती है निर्माण कार्यों की गति

बहुराष्ट्रीय परियोजनाएं, देशों के मध्य व्यावसायिक उत्कर्ष, सुगम नागरिक संपर्क और सामरिक श्रेष्ठता की स्थापत्य कलाकृति होतीं हैं। स्वकेंद्रित प्रभुत्व के सामने, यह समत्व के समन्वयकारी विस्तार को मान्यता देती है। जैसे चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के सैद्धांतिक प्रतिकार में खड़ी भारत की लाइन ऑफ क्रेडिट योजना। यद्यपि इन परियोजनाओं की सफलता, प्रारंभिक सैद्धांतिक मान्यता से कहीं बढ़कर वास्तविक निर्माण तीव्रता पर निर्भर करती है। विदेश नीति में भी निर्माण गति का विशेष महत्व है। रणनीतिक क्षेत्रों तक त्वरित, सरल व सुदृढ़ शांतिपूर्ण उपस्थिति, सुरक्षा की प्रथम दीवार बनती है। इन दिनों बांग्लादेश के द्वारा मोंगला पोर्ट के विनिर्माण विकास अधिकार भारत से वापस लेकर, चीन को सौंपे जाने की चर्चाएं चहुंओर हो रही हैं। कारणों में, वर्ष 2024 में शेख हसीना सरकार के निष्कासन को प्रधान्यता के साथ उठाया गया, लेकिन इस शोर में हमने उस तथ्य का वेष्टन किया है, जो हमारे क्रियान्वयन के घोंघा चाल से उजागर होता है। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री की बांग्लादेश यात्रा के तहत, तय हुए अनुबंध में, भारत को 110 एकड़ क्षेत्र पर आर्थिक गलियारा विकसित करने का अधिकार प्राप्त हुआ था। भारत की सुस्पष्ट लाइन ऑफ क्रेडिट योजना से इसका वित्तपोषण होना था। इस योजना के अंतर्गत 75 प्रतिशत निर्माण सामान व सेवाएं भारत से प्राप्त करना होता है। भारत सरकार से जारी फंड की प्राप्ति पर, संबंधित देश औपचारिक निविदा जारी कर आवंटन करते हैं। सरकार से सरकार (जी टू जी) स्तर पर हुए, मोंगला पोर्ट विकास समझौते को मूर्त रूप देने के लिए एक लंबी जटिल कागजी कार्रवाई चली, जिसके बाद सन 2018 में भारत सरकार से फंड जारी हुआ। बांग्लादेश की ओर से 2019 में सलाहकार (पीएमसी) की नियुक्ति के संबंध में कड़े प्रावधानों को प्रस्तावित किया गया। इनमें कंसल्टेंसी समूहों से ऊंचे टर्न ओवर, नेटवर्थ, वृहद् कार्यक्षेत्र और विशिष्ट तकनीकी अनुभव की मांग अपेक्षित की गई। इन शर्तों को पूर्ण करने की स्थिति में, अडानी ग्रुप और एलएनटी समूह को छोड़कर कोई भी अन्य भारतीय प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी समूह सक्षम नहीं थे। योग्यता के बावजूद इन दोनों बड़े समूहों का भागीदारी न दिखाना, तात्कालिक भारतीय राजनीतिक परिस्थितियों, लाभांश और सीमित स्वतंत्र कार्यशैली की वजह से था। विपक्ष, सरकार पर अडानी समूह को फायदा पहुंचाने के आरोपों के साथ हावी था, स्वयं अडानी समूह भी इस प्रोजेक्ट में सरकार द्वारा हीरानंदानी ग्रुप को नामित कर देने के बाद सलाहकार फर्म के तौर पर, मात्र 80 करोड़ के सर्विस कॉन्ट्रैक्ट पर कार्य करने को इच्छुक न था। जबकि एलएनटी समूह लाइन ऑफ क्रेडिट जैसी योजनाओं की बाध्यकारी नियमावली में कार्य करने के बजाए स्वतंत्र रूप से कार्य करने में भरोसा रखता है। इस सब का अंततोगत्वा परिणाम यही निकला कि 9 वर्षों के लम्बे विलंब और 2024 में शेख हसीना सरकार के निष्कासन के साथ उपजी भारत विरोधी भावनाओं में मोंगला पोर्ट के विकास अधिकार चीनी सरकारी कम्पनियों के ओर बह गए। पड़ोसी देशों में रणनीतिक महत्व वाले स्थानों पर पिछड़ते भारतीय प्रोजेक्ट हमारी वैश्विक कूटनीतिक बढ़त को बेहद कमजोर कर देते हैं। उदाहरण सिर्फ बांग्लादेश का ही नहीं है, म्यांमार में वर्ष 2008 में स्वीकृत और 2010 से कार्यरत कलादान मल्टी मॉडल प्रोजेक्ट, सिलीगुड़ी कॉरिडोर के जरिए पूर्वोत्तर राज्यों की एकमात्र पहुंच को वैकल्पिक मार्ग देता है। शिथिल कार्यशैली के चलते यह प्रोजेक्ट भी तय समय सीमा, वर्ष 2014 तक पूरा न हो सका। इसके बाद 2019 में कोरोना महामारी और म्यांमार में साल 2021 के सैन्य तख्ता पलट से निर्मित अनिश्चितताओं के चलते, यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट आज भी पूर्ण होने की राह देख रहा है। म्यांमार से जुड़ा एक और अहम, भारत - म्यांमार - थाईलैंड राजमार्ग का कार्य, 2002 में विचारित, 2012 से आरंभित और 2016 को पूर्णता के प्रति लक्षित था। भारत इसे कंबोडिया, लाओस व वियतनाम तक प्रसारित कर ईस्ट वेस्ट इकोनॉमिक कॉरिडोर का रूप देना चाहता है, हाल फिलहाल यह आशंकाओं से घिरा है। अपेक्षाकृत अधिक भागीदारीपूर्ण, सुरक्षित और किफायती होने के बावजूद यह भारतीय योजनाएं, पड़ोसी देशों में अपनी जटिल प्रक्रिया व दीर्घ कार्यावधि के कारण चीन की आक्रामक, महंगी लेकिन तेज निर्माण गति वाली बी.आर.आई जैसी योजनाओं से पिछड़ती नजर आती है। आवश्यक है कि, इन विषमताओं का सामना भारत सरकार प्रक्रियाओं को सरल व त्वरित बना कर एवं निर्माणाधीन कंपनियां लाभांश के अनुपातिक आंकलन से ऊपर उठकर राष्ट्रहितों के अनुकूल सैन्य चपलता से करें।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



राम मंदिर
उज्ज्वल दीपक

# आस्था का संकट नहीं, व्यवस्था की चूक

अयोध्या में श्रीराम लला के दानपात्रों से धन की कथित चोरी की घटना ने व्यापक चर्चा को जन्म दिया है। सनातन धर्म के लिए यह केवल दान की राशि की चोरी नहीं, बल्कि भावनाओं पर चोट है। जब से सरकार ने इस घटना की आधिकारिक जांच शुरू की और पूरे देश की मीडिया में यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई, सनातन धर्म का पालन करने वाले भक्तों में एक अलग तरह की जिज्ञासा और शंका उत्पन्न हुई है। प्रथम दृष्टया तो विश्वास ही नहीं हुआ, फिर जब उत्तर प्रदेश सरकार ने एसआईटी का गठन कर इसकी जांच शुरू की, संलिप्त लोगों से पूछताछ की गई और चोरी की गई धनराशि बरामद करने की सूचनाएं आईं तो हिन्दू संवेदनशील समाज को आघात जरूर लगा।

अयोध्या में श्रीराम लला के दानपात्रों से धन की कथित चोरी की घटना ने व्यापक चर्चा को जन्म दिया है। सनातन धर्म के लिए यह केवल दान की राशि की चोरी नहीं, बल्कि भावनाओं पर चोट है। जब से सरकार ने इस घटना की आधिकारिक जांच शुरू की और पूरे देश की मीडिया में यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई, सनातन धर्म का पालन करने वाले भक्तों में एक अलग तरह की जिज्ञासा और शंका उत्पन्न हुई हैं। प्रथम दृष्टया तो विश्वास ही नहीं हुआ, फिर जब उत्तर प्रदेश सरकार ने एसआईटी का गठन कर इसकी जांच शुरू की, संलिप्त लोगों से पूछताछ की गई और चोरी की गई धनराशि बरामद करने की सूचनाएं आईं तो हिन्दू संवेदनशील समाज को आघात जरूर लगा। श्रद्धालुओं को अपने द्वारा दान की गई राशि या गहने इत्यादि के विषय में भी आशंका उत्पन्न हुई। कुछ सवाल जो आम जनमानस में हैं कि क्या इससे अयोध्या के भव्य मंदिर की महिमा कम होने की सम्भावना है, क्या सनातन धर्म कमजोर हो जाएगा, क्या करोड़ों लोगों की आस्था समाप्त हो जाएगी, या ये सिर्फ कुछ अपराधियों द्वारा व्यवस्था की कमजोरी का लाभ उठाने की घटना है? इस पूरे घटनाक्रम का एक पक्ष ऐसा भी है, जिसकी चर्चा होनी चाहिए!

इस घटना पर पर्दा डालने का कोई प्रयास नहीं किया गया, सरकार ने तुरंत संज्ञान लिया, मंदिर प्रबंधन ने जांच और आवश्यक कार्रवाई में सहयोग किया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, संत समाज और विभिन्न हिंदू संगठनों ने भी किसी दोषी को बचाने की वकालत नहीं की, बल्कि दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई और धर्म की मर्यादा की रक्षा की बात कही। यही तो सनातन की सबसे बड़ी विशेषता है। यह आस्था का संकट नहीं, व्यवस्था की चूक है, और व्यवस्था की चूक का समाधान व्यवस्था को मजबूत बनाकर होगा, आस्था पर प्रश्नचिह्न लगाकर नहीं! श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन भारत के इतिहास में सबसे लंबे सामाजिक आंदोलनों में से एक है। यह किसी संगठन का अभियान मात्र नहीं, बल्कि करोड़ों हिंदुओं की सांस्कृतिक चेतना का विषय है। पूरे विश्व से लोग जुड़े, गांव -गांव से कारसेवकों ने अपने अपने स्तर पर योगदान किया, साधु-संतों ने अग्रणी भूमिका निभाई, विश्व हिंदू परिषद ने जन जागरण किया, स्वयंसेवकों ने दशकों तक समाज को संगठित रखा और भारतीय जनता पार्टी, चाहे सत्ता में हो या विपक्ष में, ने इस विषय को केंद्रीय मुद्दा बनाए रखा और श्री राम जन्मभूमि आंदोलन को अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता माना। आज की युवा पीढ़ी शायद कल्पना भी नहीं कर सकती कि राम जन्मभूमि आंदोलन कितनी लंबी यात्रा का परिणाम था। 1949 से लेकर 1980 के दशक तक, 1984 की धर्म संसद से लेकर 1990 की कार सेवा तक, 1992 की घटनाओं से लेकर दशकों तक अदालतों में चली सुनवाई तक। फिर सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक निर्णय और संवैधानिक प्रक्रिया के आधार पर अंततः भव्य मंदिर का निर्माण। इसलिए यह मंदिर केवल एक निर्माण नहीं, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया, लोकतांत्रिक विश्वास और करोड़ों श्रद्धालुओं के धैर्य का प्रतीक है। जिस मंदिर को देखे बिना हजारों-लाखों साधु-संत स्वर्गवासी हो गए, लाखों कार्यकर्ता बूढ़े हो गए, जिस मंदिर के लिए सैकड़ों परिवारों ने अपनी संतान खो दी और हजारों कारसेवकों



को जेल की हवा कहानी पड़ी, उस मंदिर के दानपात्र से जब चोरी जैसी घटना सामने आती है तो उसका सबसे अधिक दर्द उसी समाज को होता है जिसने इस मंदिर के लिए सबसे अधिक संघर्ष किया है। यह मंदिर केवल एक तीर्थ नहीं, बल्कि पांच सौ वर्षों के धैर्य का परिणाम है। सनातन धर्म व्यक्ति की नहीं, धर्म की रक्षा करता है। यदि कोई अपराध करता है तो वह चाहे कितना ही निकट क्यों न हो, उसके कृत्य का समर्थन नहीं किया जा सकता, और यही धर्म है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने 3 जुलाई 2026 को जारी अपने वक्तव्य में स्पष्ट कहा कि यह घटना करोड़ों रामभक्तों की भावना को आहत करने वाली है। उन्होंने दोषियों को कठोर दंड देने की अपेक्षा व्यक्त की और मंदिर की व्यवस्थाओं को और अधिक पारदर्शी तथा प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने समाज से धैर्य बनाए रखने और इस घटना का उपयोग कर हिंदू समाज को बदनाम करने के प्रयासों से सावधान रहने का आह्वान किया। और यही अंतर है। यहां अपराधी बचाने की संस्कृति नहीं है। यहां आत्ममंथन करने की परंपरा है। यही किसी उत्तरदायी समाज की पहचान होती है। दुनिया भर के धार्मिक संस्थान ऐसी घटनाओं से अछूते नहीं रहे हैं। यूरोप के अनेक चर्चों में दानपात्रों की चोरी की सहित ऐतिहासिक चर्चों से बहुमूल्य कलाकृतियां की चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। मलेशिया, अमेरिका एवं भारत सहित कई देशों की विभिन्न मस्जिदों में भी चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के मामले उजागर हुए हैं। लेकिन इन घटनाओं के आधार पर किसी धर्म की पवित्रता पर प्रश्न नहीं उठाया गया। अपराधियों को दोषी माना गया, धर्म को नहीं। इसी परिपक्वता की जरूरत अब हमारे देश भारत में भी है। हमारा दुर्भाग्य है कि देश की राजनीति में हर घटना को वैचारिक युद्ध का हथियार बनाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। सरकार की जवाबदेही तय करना लोकतंत्र का हिस्सा है और विपक्ष एवं समाज का उस पर प्रश्न पूछना भी उचित है। लेकिन यदि किसी अपराध को पूरे हिंदू समाज, श्री राम मंदिर आंदोलन या सनातन पर हमला करने के अवसर के रूप में प्रस्तुत किया जाए, तो वह स्वस्थ लोकतांत्रिक विमर्श नहीं रह जाता और समाज में अनावश्यक विभाजन पैदा करता है। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और धार्मिक आस्था के बीच की मर्यादा बनाए रखना सभी राजनीतिक दलों एवं संगठनों की साझा जिम्मेदारी है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम इस घटना की जांच पर ध्यान दें, न कि उस आंदोलन को कटघरे में खड़ा करें जिसने संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से अपना लक्ष्य प्राप्त किया है। आज एक ऐसा नरेटिव फ़ैलाने की कोशिश की जा रही है जहां पूरे सनातन धर्म पर प्रश्न खड़े किये जा रहे हैं. ये दोहरा चरित्र का प्रदर्शन है और इस भ्रम को पूरे देश में फ़ैलाने का काम कुछ लोग करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारे सनातन धर्म में आत्ममंथन एक सतत प्रक्रिया है। जब भी भगवान श्रीराम ने अपने जीवन में कठिन निर्णय लिए, उन्होंने स्वयं मर्यादा को सदैव सर्वोपरि रखा। यदि किसी ने मंदिर की संपत्ति पर हाथ डाला है तो वह केवल कानून का अपराधी नहीं, श्रद्धा का भी अपराधी है। उसे कठोर दंड मिलना चाहिए।

इतिहास गवाह है कि सनातन सभ्यता ने अनेक आक्रमण झेले। श्री राम के मंदिर में चोरी हुई है तो अपराधी चाहे कोई भी हो, उसे दंड मिलना चाहिए। यही श्री राम का न्याय है। क्योंकि सनातन का इतिहास यही कहता है, हम व्यक्ति के साथ नहीं, धर्म के साथ खड़े होते हैं। हम अपराध को छिपाकर आस्था की रक्षा नहीं करते, अपराध को दंडित करके आस्था को और मजबूत बनाते हैं। यही श्री राम का मार्ग है, यही मर्यादा है और यही भारत की सांस्कृतिक शक्ति भी।

( लेखक भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# सत्य में ऐसी शक्ति जो सौ झूठ से बचाए



संकलित
दर्शन

संसार में सत्य को सबसे सुंदर कहा गया है। हमारे शास्त्र भी कहते हैं कि सत्य के लिए किसी से भी संघर्ष करने के लिए स्वयं को सदैव तत्पर रखना चाहिए। एक सत्य ही तो है, जो मनुष्य को सौ झूठ बोलने से बचा लेता है। सत्य की ऐसी महत्ता-महिमा होते हुए भी संप्रति संसार में असत्य का बोलबाला बढ़ा है। हालांकि, असत्य का आश्रय लेने वालों को सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि अंत में विजय सत्य के खेमे का ही वरण करती है। वास्तव में जहां सत्य है, वहीं धर्म है और जहां धर्म वहीं विजय है। यदि हमारी जीवन रूपी इमारत सत्य रूपी नींव पर खड़ी होगी तभी हम उसे निरंतर ऊंचाई प्रदान करते हुए उसकी प्रकृति को संरक्षित रख पाएंगे। सत्य के महत्व पर बुद्ध ने कहा कि सत्य को छोड़कर जो असत्य बोलता है, धर्म का उल्लंघन करता है, परलोक की जिसे चिंता नहीं है, वह व्यक्ति बड़े से बड़ा पाप कर सकता है। इसलिए असत्य का परित्याग ही श्रेयस्कर है। मनीषी कहते हैं कि 'मनसा वाचा कर्मणा' यानी मन, वचन और कर्म से सत्य बोलना चाहिए। जो विचार मन में हों वही वाणी में भी होने चाहिए और उसी के अनुरूप ही मनुष्य का व्यवहार भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि मन, वचन और कर्म से अलग रहने वाले पूर्णरूपेण सत्य का आचरण नहीं कर सकते।गांधी जी जैसे महामानव सत्य को निरपेक्ष सत्य के रूप में ग्रहण करते हैं। सत्य को ईश्वर का पर्यायवाची बताते हैं। उसे अपनी नीति का अहम अवयव मानते हैं।

# हनुमान जी ने सूर्यदेव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित
प्रेरणा

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सरकारी धन का उचित प्रयोग करें सरकारें

देश में बहुत से राज्यों के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, जैसे कि कहीं सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं अर्थात सरकारी अस्पतालों में मरीजों के लिए इलाज की सुविधाएं नहीं, कहीं स्ट्रीट लाइट, कहीं सफाई व्यवस्था, कहीं पीने वाले पानी की समस्या, कहीं टूटी सड़कें, लेकिन इनमें से कुछ राज्य बेवजह ही सरकारी पैसे को मुफ्त में लोगों को बांट रहे हैं। अगर इस सरकारी पैसे को ज्यादा से ज्यादा आम लोगों को मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए खर्च किया जाए तो लोगों को सुविधाएं मिलेंगी, जो लोगों की साफ-सफाई, गरीबों को बीमारियों और अन्य बहुत सी समस्याओं को हल करेंगी। इसी तरह बुजुर्गों के लिए बुढ़ापा पेंशन कम से कम 5000 रुपए प्रति माह होनी चाहिए।

– *सतीश चौहान, रायगढ़*

## ट्रेंड

### जानकी अम्मा को नमन



मशहूर प्लेबैक सिंगर एस. जानकी अम्मा का निधन संगीत और संस्कृति की दुनिया के लिए एक अपूरणीय क्षति है। दुख की इस घड़ी में उनके परिवार और पूरे संगीत जगत के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### आत्मनिर्भर भारत



भारतीय नौसेना में आईएनएस महेंद्रगिरि का शामिल होना न केवल भारत की बढ़ती समुद्री ताकत का प्रमाण है, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' के शानदार उदय का भी प्रतीक है। यह युद्धपोत, नए भारत की तकनीकी क्षमता, औद्योगिक शक्ति और राष्ट्रीय आत्मविश्वास का जीवंत प्रतीक है।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### स्वास्थ्य सुविधाएं



बेहतर इलाज के लिए लोगों को पहाड़ों के मुश्किल रास्तों पर मीलों का सफर करना पड़ता था। इसी चुनौती से निपटने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में ठोस कदम उठाए। उन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि हिमाचल स्वास्थ्य सुविधाओं में नए दौर में प्रवेश कर रहा है।

-**सुखविंदर सिंह सुखु,** सीएम, हिमाचल प्रदेश

### चावल घोटाला



आज मध्य प्रदेश बीजेपी सरकार के राज में भ्रष्टाचार और लूट का केंद्र और भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया है। एक घोटाला खत्म भी नहीं हो पाता कि दूसरा सामने आ जाता है। अब, इथेनॉल के नाम पर 200 करोड़ रुपये का चावल घोटाला सामने आया है।

- **मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# भारतीय शादियों के लिए श्रीलंका बना नया गंतव्य



विदेशों में होने वाली भारतीय शादियों के लिए 2025 में श्रीलंका सबसे तेजी से उभरते गंतव्य के रूप में सामने आया है और इसकी लोकप्रियता में 25 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया।
वहीं, पश्चिम एशिया में जारी संकट के बावजूद वर्ष 2026 में भारतीय जोड़ों के अपनी विशेष समारोह की योजनाओं में बड़ी कटौती करने की संभावना कम है।
शादी की योजना बनाने वाले मंच 'वेडमीगुड' की 'डेस्टिनेशन वेडिंग रिपोर्ट 2026' के अनुसार, आसान पहुंच, भारत से नजदीकी, शानदार आतिथ्य सुविधाओं और यादगार अनुभवों वाले आयोजनों के कारण श्रीलंका तेजी से एक प्रमुख विवाह गंतव्य के रूप में उभर रहा है।
रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि आने वाले वर्षों में श्रीलंका में भारतीय शादियों की बुकिंग में सालाना 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है।
हालांकि, थाईलैंड अब भी भारतीयों के लिए सबसे लोकप्रिय विदेशी विवाह गंतव्य बना हुआ है। वर्ष 2025 में वहां करीब 25 लाख पर्यटक पहुंचे, जो पिछले वर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। यह रिपोर्ट 'वेडमीगुड' के उपभोक्ता और उद्योग नेटवर्क के माध्यम से किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है।

## ऑफ बीट

# मेरी मांसपेशियों में व्यायाम के बाद हल्का दर्द क्यों होता है



जब हममें से कई लोग इस खराब मौसम से उबरने के लिए जिम जाते हैं या दौड़ने जाते हैं, तो उन्हें मांसपेशियों में थोड़ा अतिरिक्त दर्द महसूस हो सकता है। ऐसा खास तौर से तब होता है जब कसरत किए कुछ समय हो गया हो। एक आम ग़लतफ़हमी यह है कि ऐसा दर्द मांसपेशियों में लैक्टिक एसिड के निर्माण के कारण होता है। हालाँकि, शोध से पता चलता है कि लैक्टिक एसिड का इससे कोई लेना-देना नहीं है। सच्चाई कहीं अधिक दिलचस्प है, लेकिन थोड़ी अधिक जटिल भी है। यह लैक्टिक एसिड नहीं है। हम दशकों से जानते हैं कि लैक्टिक एसिड का व्यायाम के बाद मांसपेशियों में होने वाले दर्द से कोई लेना-देना नहीं है। वास्तव में, जैसा कि हम में से एक (रॉबर्ट एंड्रयू रॉबर्ट्स) ने लंबे समय से तर्क दिया है, कोशिकाएं लैक्टेट का उत्पादन करती हैं, लैक्टिक एसिड का नहीं। यह प्रक्रिया वास्तव में मांसपेशियों और रक्तप्रवाह में एसिड के निर्माण का विरोध नहीं करती है। दुर्भाग्य से, लोग अभी भी व्यायाम के संबंध में 'लैक्टिक एसिड' शब्द का उपयोग करते हैं। जब आप व्यायाम करते हैं तो लैक्टेट उन मांसपेशियों के लिए बड़ी समस्या पैदा नहीं करता है जिनका उपयोग आप करते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## मैनपुर के दर्जनों गांव बन जाते हैं टापू, जान जोखिम में डालकर बच्चे जाते हैं स्कूल





### बाकड़ी नदी में पुल नही होने से दो छात्र की हो चुकी है मौत

मैनपुर से 11 किमी दूर धवलपुर से जरंडी जाने वाले मार्ग में पैरी नदी पर पुल निर्माण की मांग वर्षों से किया जा रहा है। इस क्षेत्र के दर्जनों बच्चे बारिश के दिनों मे नदी मे पानी को पार कर जान जोखिम मे डाल धवलपुर स्कूल पढ़ाई करने आते हैं। इस नदी मे कुछ वर्ष पहले दो बच्चों की स्कूल आते समय डूबने से मौत हो गई थी। लेकिन अब तक पुल निर्माण नहीम किया गया है।

# सूखे में सुखी, बारिश में मुसीबत फिर भी जीना यहां, मरना यहां...

*आधुनिक भारत के पिछड़े इलाकों में आज भी ऐसे गांव हैं, जहां की आबादी सूखे में ज्यादा सुखी रहती है। बारिश यानी संकट। पुल-पुलिये और रपटा नहीं होने की वजह से जान जोखिम में डालकर सफर करने वाले लोगों की पीड़ा सामने ला रहा है हरिभूमि। दूसरी किस्त में मैनपुर, छुरा और हिरमी-रवान इलाके के दर्द को सामने रखा जा रहा है।*

शेख हसन खान ▶▶| मैनपुर

खास खबर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दुरस्थ वनांचलों के दर्जनों गावों के लोगों को बारिश के दिनों में बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहां तक पहुंचने के लिए राज्य निर्माण के 26 वर्षों बाद भी नदी-नालों पर पुल पुलिया का निर्माण नहीं किया गया है जिसके कारण अत्यधिक बारिश होने पर नदी में बाढ़ के कारण क्षेत्र के दर्जनों गांव टापू मे तब्दील हो जाते हैं और बीमार तथा गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक लाने मे भारी परेशानी होती है और तो और कई बार समय पर उपचार नही मिलने से अकाल मृत्यु तक हो जाती है। बच्चों को जान हथेली पर रखकर नदी-नाला पार करके स्कूल जाना पड़ता है। ऐसा करते हुए दो छात्र जान भी गंवा चुके हैं। यहां कंधे पर बिठाकर या नाव -, चट्टी या टियूब से नदी नाला पार करने का दृश्य आम है। मैनपुर विकासखण्ड ▶▶|शेष पेज 4 पर



### उदंती अभ्यारण्य के भीतर गांवों में नहीं है पुल पुलिया

उदंती अभ्यारण्य के भीतर बसे ग्राम साहेबिनकछार, कोदोमाली, नागेश, करलाझर, पयलीखण्ड, अमाड़, देवझरअमली जैसे दर्जनों ग्रामों तक पहुंचने से पहले नदी नालों को पार करना पड़ता है। यहां भी पुल पुलिया की सुविदा नहीं है।

### क्या कहते हैं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने बताया कि बाकड़ी नदी में पुल निर्माण के लिए संबंधित मंत्री को ज्ञापन दिया गया था, जिसके बाद विभाग के अफसर नदी का निरीक्षण कर स्टीमेट बनाकर भेजे थे। अब तक पुल निर्माण कार्य प्रारंभ नही हुआ फिर इस मामले को विधानसभा मे प्रमुखता से उठाया जाएगा। श्री ध्रुव ने बताया बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के राजापड़ाव गौरगांव इलाका और उदंती अभ्यारण्य के अलावा अमलीपदर क्षेत्र मे पुल पुलिया की मांग को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा है।

## सड़क बन रही है पर दो रपटों पर पुल नहीं, दर्जनों गांवों का टूट जाता है संपर्क

शंकर सिंह राजपूत ▶▶| हिरमी -रावण

संडी से तिल्दा जैसे बड़े शहर को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण सड़क मार्ग पर स्थित भालूकोना के दो रपटों पर वर्षों से पुल निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। वर्तमान में इस सड़क का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है और सड़क को बेहतर बनाने के लिए व्यापक कार्य जारी है, किंतु सबसे महत्वपूर्ण स्थानों पर स्थित दोनों रपटों पर पुल निर्माण नहीं होने से क्षेत्र के ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बरसात के मौसम में इन रपटों के ऊपर से पानी बहने लगता है, जिससे आवागमन पूरी ▶▶|शेष पेज 4 पर

### बरसों से मिल रहा है आश्वासन

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस वर्ष अच्छी बारिश हुई तो पानी का स्तर और अधिक बढ़ सकता है, जिससे दर्जनों गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से कट जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्षों से जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समक्ष पुल निर्माण की मांग रखी जा रही है, लेकिन आज तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। सड़क निर्माण कार्य के दौरान यदि इन दोनों स्थानों पर पुल का निर्माण कर दिया जाता तो भविष्य में लोगों को इस समस्या से राहत मिल सकती थी। ▶▶|शेष पेज 4 पर

## दशकों से डूब रहा है फिंगेश्वरी नाले का पुल, बहकर जा चुकी है जान, लेकिन नहीं बढ़ रही पुल की ऊंचाई

तेजराम ध्रुव ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)



छुरा विकासखंड से लगभग 20 किलोमीटर दूर ग्राम अकलवारा से सोरिद खुर्द को जोड़ने वाले लगभग पांच किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग पर ग्राम फिंगेश्वरी के पास स्थित नाले पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्षों पहले पुल का निर्माण कराया गया था। लेकिन पुल की ऊंचाई नाले से मात्र चार से पांच फीट होने के कारण हर वर्ष बरसात में यह पुल बाढ़ के पानी में डूब जाता है, जिससे ग्रामीणों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार, तेज बारिश के दौरान नाले का जलस्तर बढ़ने पर पानी पुल के ऊपर से बहने लगता है। ऐसी स्थिति में दो से तीन दिनों तक आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। इसका सबसे अधिक असर स्कूली छात्र-छात्राओं पर पड़ता है, जो विद्यालय नहीं पहुंच पाते। वहीं ग्रामीणों और अन्य यात्रियों को पांच किलोमीटर की दूरी तय करने के बजाय लगभग 10 किलोमीटर का लंबा वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ता है। ▶▶|शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अमरनाथ यात्रा के लिए 9153 श्रद्धालु रवाना

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा में शामिल होने जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से 9,153 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था रवाना हुआ। इसमें 2,345 महिलाएं भी शामिल हैं। 359 वाहनों में सवार तीर्थयात्री कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गांदरबल जिले के बालटाल और अनंतनाग जिले के नुनवान (पहलगाम) स्थित दो आधार शिविरों के लिए रवाना हुए। श्रद्धालुओं के इस 11वें जत्थे में 18 बच्चे भी शामिल हैं।

### ट्रक और कार की टक्कर चार की मौत

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के टांडा क्षेत्र में एक कार के अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक से जा टकराने से उस पर सवार चार लोगों की मृत्यु हो गई तथा तीन अन्य जख्मी हो गए। इस दुर्घटना में अभिषेक अग्निहोत्री (30), कार्तिक (24) नीरज (24) और गुलबुद्दीन (35) नामक व्यक्तियों की मौत हो गई। उत्तराखंड के रामनगर में जिम कार्बेट पार्क घूमने जा रहे सात लोगों से भरी एक कार रास्ते में रामपुर जिले के टांडा इलाके में एक खड़े ट्रक से जा टकरायी।

## सीजफायर खत्म, ईरान ने फिर से बंद किया स्ट्रेट ऑफ होर्मुज

# तीन दिन में ईरान पर हुए 300 हमले जवाब में 6 अमेरिकी बेस पर अटैक

एजेंसी ▶▶| दुबई

*बौखलाए अमेरिका ने एक ही दिन 140 ठिकानों पर दागे मिसाइल*

*मिडिल ईस्ट में एक बार फिर से बड़े पैमाने पर सैन्य टकराव शुरू हो गया है। पिछले तीन दिन में ईरान ने अमेरिका का 6 बेस पर हमला किया तो अमेरिका ने तीन रातों में 300 टारगेट्स को निशाना बनाया। सीजफायर अब खत्म हो चुका है। ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने की घोषणा कर दी है। अमेरिका ने इसके जवाब में ईरान के सैकड़ों ठिकानों पर हमले किए हैं।*

अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य में एक जहाज पर हमले के जवाब में रविवार तड़के ईरान पर हमला किया। इसके बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए बहरीन, कतर, कुवैत, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को निशाना बनाकर हमले किए। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में एक कंटेनर जहाज पर हमला किया, जिससे उसमें आग लग गयी और उसके चालक दल को जहाज छोड़ना पड़ा। ईरान और अमेरिका के बीच 28 फरवरी को शुरू हुई जंग को हमेशा के लिए खत्म करने के वास्ते आगे की बातचीत में यह जलडमरूमध्य मुख्य अड़चन बन गया है। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि उसने रविवार तड़के ईरान के करीब 140 ठिकानों पर हवाई हमले करने के बाद अपनी हालिया सैन्य कार्रवाई का यह चरण पूरा कर लिया है। उसने कहा कि निशाना बनाए गए ठिकानों में मिसाइल और ड्रोन प्रक्षेपण स्थल, गोला-बारूद के भंडार, संचार उपकरण ▶▶|शेष पेज 4 पर



एआई ईमेज

### कमर्शियल शिप पर अटैक, 11 भारतीय थे सवार

होर्मुज स्ट्रेट में एक कमर्शियल जहाज पर हुए ईरान ने हमला किया। ओमान तट के पास हुए इस हमले में जीएफएस गैलेक्सी नामक जहाज पर 11 भारतीय नागरिक सवार थे। भारत सरकार ने बताया कि इनमें से 10 भारतीयों को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि एक भारतीय अब भी लापता है। विदेश मंत्रालय ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि ओमान स्थित भारतीय दूतावास लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है। स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर राहत एवं बचाव अभियान में समन्वय कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि भारत ओमान तट के पास कमर्शियल जहाज जीएफएस पर हुए हमले की कड़ी निंदा करता है।

### ईरान ने जहाज पर फायरिंग के बाद बंद किया होर्मुज स्ट्रेट

यह घटना ऐसे समय हुई है जब ईरान और अमेरिका के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। ईरान ने दावा किया कि उसकी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने साइप्रस के झंडे वाले कंटेनर जहाज पर कार्रवाई की, क्योंकि वह कथित तौर पर दूसरे रास्ते से गुजर रहा था। कई जहाजों को निर्धारित शिपिंग कॉरिडोर से गुजरने की चेतावनी दी गई थी।

### कई ठिकानों पर बरसे बम

ईरान के सरकारी मीडिया ने देश के कई हिस्सों में अमेरिकी हमलों की खबर दी। इनमें होर्मुज जलडमरूमध्य के सबसे निकट स्थित दक्षिणी ईरान का एक प्रांत और तेहरान के पास स्थित एक प्रांत में सैन्य ठिकाने भी शामिल हैं। हमलों का यह ताजा दौर शनिवार को ईरान और ओमान के विदेश मंत्रियों के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर हुई बैठक के बाद सामने आया।

### अर्थव्यवस्था का गला

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज दुनिया के तेल और गैस व्यापार का बहुत महत्वपूर्ण रास्ता है। ईरान ने कहा है कि जब तक 'ईरानी व्यवस्था' नहीं बनेगी, यह खुला नहीं रहेगा। ईरान अब यहां से गुजरने वाले जहाजों से शुल्क वसूलना चाहता है। दक्षिणी रूट को अमेरिका बढ़ावा दे रहा है। इस बंद से वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा गया है, हालांकि तेल की पहले के उच्च स्तर से कुछ कम हुई हैं।

किशोरी आत्महत्या मामला

## मुख्य आरोपी मप्र से गिरफ्तार दो फरार आरोपियों की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुण्ठपुर



■ राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग दिल्ली ने मांगी है रिपोर्ट

शहर की नाबालिग छात्रा को कथित रूप से चोरी के आरोप में प्रताड़ित किए जाने के बाद हुई आत्महत्या के बहुचर्चित मामले में कोरिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामले के मुख्य आरोपी विनोद वैद्य को पुलिस ने शनिवार रात मध्यप्रदेश के अनुपपुर से गिरफ्तार कर लिया। वहीं, दो अन्य आरोपी अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की विशेष टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे ने बताया कि छात्रा के आत्महत्या करने के बाद उसके पिता की शिकायत पर बीएनएस एवं अनुसूचित जाति-जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होते ही ▶▶|शेष पेज 4 पर

### क्या था पूरा मामला

पुलिस के अनुसार 7 जुलाई को नाबालिग छात्रा अपनी छोटी बहन के साथ फव्वारा चौक स्थित आईसी मार्ट में खरीदारी करने गई थी। आरोप है कि दुकान संचालक ने दोनों पर चोरी का आरोप लगाते हुए कथित रूप से प्रताड़ित किया, सामान की सूची के साथ लिखित कबूलनामा तैयार कराया और छात्रा से हस्ताक्षर भी करवाए। साथ ही उनकी स्कूटी भी अपने ▶▶|शेष पेज 4 पर

### न्याय की मांग को लेकर चक्का जाम-

घटना के बाद शहर में भारी आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में महिलाओं और नागरिकों ने आईसी मार्ट के सामने मुख्य मार्ग पर बैठकर चक्का जाम किया तथा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष जांच और न्याय का भरोसा दिए जाने के बाद आंदोलन समाप्त हुआ।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने मांगी रिपोर्ट

इस मामले की गूंज दिल्ली तक पहुंची है। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने कोरिया कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक से तीन दिनों के भीतर विस्तृत प्रतिवेदन तलब किया है। आयोग ने समय पर जवाब नहीं मिलने की स्थिति में सिविल न्यायालय की शक्तियों का उपयोग करते हुए संबंधित अधिकारियों को समन जारी करने की चेतावनी भी दी है।

गुरुग्राम में खौफनाक वारदात

## भिलाई के इंजीनियर ने प्रेमिका की हत्या के बाद की खुदकुशी

■ पीजी में पहले प्रेमिका को चाकू से गोदा, फिर ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

**नई दिल्ली।** साइबर सिटी गुरुग्राम में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। भिलाई के सॉफ्टवेयर इंजीनियर श्रेष्ठ मलिक ने अपनी प्रेमिका यूपी की इशाका की बेरहमी से हत्या करने के बाद खुद भी मौत को गले लगा लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी युवक ने पहले युवती को चाकू से गोदकर मौत के घाट उतारा और फिर रेलवे ट्रैक पर जाकर ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। वारदात का खुलासा तब हुआ, जब उत्तर प्रदेश की रहने वाली युवती 'इशाका' ने अपने परिवार का कॉल रिसीव करना बंद कर दिया। चिंतित परिजनों ने तुरंत गुरुग्राम के सेक्टर-56 थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम सेक्टर-55 स्थित युवती के किराए के मकान पर पहुंची। वहां का नजारा देख पुलिस के भी होश उड़ गए। पुलिस ने जब किसी तरह दरवाजा खोला, तो अंदर का दृश्य भयावह था। युवती इशाका का शव फर्श पर खून से लथपथ पड़ा था।

### एक हत्या, एक सुसाइड

जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि युवती का दोस्त श्रेष्ठ मलिक (25), जो मूल रूप से भिलाई, छत्तीसगढ़ का रहने वाला था, उसके कमरे पर आया था। पुलिस अभी उसे तलाश ही रही थी कि सूचना मिली कि गुरुग्राम रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव दो टुकड़ों में पड़ा मिला है। पहचान करने पर पता चला कि यह शव आरोपी श्रेष्ठ मलिक का ही है, जिसने युवती की हत्या के बाद ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली।

छूट प्राप्त पीएफ ट्रस्ट संचालित संस्थानों को वैधता का एकमुश्त अवसर

## ईपीएफओ ने शुरू की एमनेस्टी स्कीम-2026

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 'एमनेस्टी स्कीम-2026' की शुरुआत की है। इस योजना के तहत उन संस्थानों को एकमुश्त अवसर दिया जाएगा, जो अब तक छूट प्राप्त भविष्य निधि के तहत अपने निजी पीएफ ट्रस्ट का संचालन कर रहे हैं और अपने कानूनी दर्जे को नियमित (रेग्युलराइज) कराना चाहते हैं। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया कि यह योजना छह महीने तक प्रभावी रहेगी। मंत्रालय के अनुसार यह योजना उन संस्थानों पर लागू होगी, जो आयकर अधिनियम, 1961 के तहत मान्यता प्राप्त भविष्य निधि ट्रस्ट का संचालन कर रहे हैं। पात्र संस्थानों को अपने संबंधित ईपीएफओ क्षेत्रीय ▶▶|शेष पेज 4 पर




### एमनेस्टी स्कीम का लाभ?

ईपीएफओ के अनुसार यह योजना पात्र संस्थानों को अपने पीएफ ट्रस्ट की स्थिति को पूर्व प्रभाव से नियमित कराने का अवसर देगी। इसका उद्देश्य सभी छूट प्राप्त पीएफ ट्रस्टों को एक समान वैधानिक ढांचे के अंतर्गत लाना और संबंधित कानूनी प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करना है। कर्मचारियों के दृष्टिकोण से यह योजना उनके भविष्य निधि खातों की कानूनी स्थिति को अधिक स्पष्ट और सुरक्षित बनाएगी।

### क्या होता है एक्सेम्प्टेड प्रोविडेंट फंड?

एक्सेम्प्टेड प्रोविडेंट फंड ऐसी व्यवस्था है, जिसमें नियोक्ता अपने कर्मचारियों के भविष्य निधि अंशदान का प्रबंधन सीधे ईपीएफओ के माध्यम से कराने के बजाय स्वयं गठित एक मान्यता प्राप्त निजी ट्रस्ट के जरिए करता है। हालांकि, ऐसे ट्रस्टों को ईपीएफओ के निर्धारित मानकों और कानूनी प्रावधानों का पालन करना आवश्यक होता है।

### स्वास्थ्य में 53 लाख को मिलेगा फायदा

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया देशभर में लगभग 668 करोड़ रुपये की लागत से तैयार कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की 7 नई स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन मंगलवार को करेंगे। इन परियोजनाओं के शुरू होने से देश के करीब 53 लाख ईएसआई लाभार्थियों को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। डॉ. मांडविया तेलंगाना के सनतनगर स्थित ईएसआईसी अस्पताल में नवनिर्मित अत्याधुनिक आउट पेशेंट विभाग (ओपीडी) ब्लॉक का उद्घाटन करेंगे।

एम्स की अंतिम रिपोर्ट में

## ट्विशा के स्किन टिश्यू जिम बेल्ट पर मिले



**नई दिल्ली।** भोपाल में 12 मई को अपने ससुराल में फंदे से लटकी मिली ट्विशा शर्मा का दूसरा पोस्टमार्टम करने वाले दिल्ली स्थित एम्स के मेडिकल बोर्ड ने अपनी अंतिम फॉरेंसिक रिपोर्ट सीबीआई को सौंप दी है, जिसमें कथित तौर पर फंदे के रूप में इस्तेमाल जिम्नास्टिक बेल्ट पर त्वचा के ऊतक मिलने की पुष्टि हुई है। यह ट्विशा के गर्दन पर मिले चोट के निशानों के 'पैटर्न' से मेल खाती हैं। एम्स के पांच सदस्यीय मेडिकल बोर्ड ने 10 जुलाई को अपनी 11 पृष्ठों की रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में सीबीआई को सौंपी।

### सीबीआई को सौंपी जांच रिपोर्ट

रिपोर्ट के साथ भेजे गए पत्र के अनुसार, सीलबंद रिपोर्ट सीबीआई के जांच अधिकारी को सौंपी गई, जबकि दूसरे पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के दौरान बनाया गया वीडियो जांच एजेंसी के पास है।

# अयोध्या में 100 करोड़ से बनेगा संग्रहालय, दिखेगी राम-वनगमन की कहानी

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने अयोध्या में आयोजित दो दिवसीय विशेष बैठक के दौरान 100 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाले नए संग्रहालय की गैलरी स्क्रिप्ट और श्रद्धालुओं को मिलने वाली सुविधाओं के विस्तृत खाके को अंतिम रूप दिया।

इस महत्वपूर्ण बैठक में उन्होंने मंदिर निर्माण पर अब तक लगभग 1600 से 1800 करोड़ रुपये खर्च होने की आधिकारिक जानकारी साझा की। उन्होंने श्रद्धालुओं की संख्या घटने के दावों को अफवाह बताते हुए कहा कि भक्तों के मन में व्यवस्था या आरती को लेकर कोई शिकायत नहीं है। नृपेंद्र मिश्रा ने 6 जुलाई को हुई बैठक के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि छह जुलाई को हुई ट्रस्ट की बैठक में वह शामिल नहीं थे, लेकिन आगामी बैठक में निर्माण संबंधी विषय होने पर वो बैठक में अवश्य आएंगे।

### सीईओ पूरी तरह ट्रस्ट के अंतर्गत ही काम करेंगे

*मंदिर में मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति पर बोलते हुए निर्माण समिति के अध्यक्ष ने साफ किया कि जो भी सीईओ नियुक्त होंगे, वो पूरी तरह ट्रस्ट के अंतर्गत ही काम करेंगे। ये ट्रस्ट को ही तय करना होगा कि व्यवस्थाओं को कैसे चलाना है, क्योंकि सब कुछ ट्रस्ट के ही अधीन है। ट्रस्ट जैसा डेलीगेशन सीईओ को सौंपेगा, उसी के अनुसार सीईओ मंदिर में आगे का स्टाफ नियुक्त करेंगे और व्यवस्थाएं बनाएंगे।*

## राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक में लिया गया अहम निर्णय

### टिकट लगेगा या नहीं फैसला ट्रस्ट करेगा

*नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि संग्रहालय में एंट्री के लिए कोई टिकट लगेगा या नहीं, इसका अंतिम फैसला अभी राम मंदिर ट्रस्ट को ही करना है। अयोध्या में रविवार और शनिवार को हुई निर्माण समिति की बैठक में मुख्य रूप से संग्रहालय की गैलरी की स्क्रिप्ट फाइनल की जा रही है।*





*राम के वनगमन से संबंधित सामग्री रहेगी गैलरी में : इस संग्रहालय की एक विशेष गैलरी में भगवान राम और उनका नदियों से क्या रिश्ता रहा व वे कैसे जुड़े, ये पूरी तरह दिखाया जाएगा। इसके साथ ही एक अन्य गैलरी में भगवान राम की किससे कहां भेंट हुई और उनका क्या लक्ष्य था, इस पर विस्तार से काम किया जाएगा। संग्रहालय की एक सीधी बड़ी दीवार पर भगवान राम के वन गमन की पूरी कहानी चित्रों और माध्यमों से प्रदर्शित की जाएगी। जिसका कुल खर्च लगभग 100 करोड़ रुपये के अंदर होगा।*

### ये है राममंदिर ट्रस्ट का उद्देश्य

*गौरतलब है कि ट्रस्ट की मंशा है कि मंदिर संग्रहालय के जरिए सनातन संस्कृति देश के विभिन्न मठ-मंदिर के बारे में आगामी युवा पीढ़ी जान सके। किसी मंदिर का किसी खास स्थान पर क्यों निर्माण हुआ और उसके निर्माण के पीछे दर्शन क्या रहा। इसके बारे में युवा पीढ़ी को अवगत कराने के उद्देश्य ही अयोध्या में मंदिर संग्रहालय का निर्माण किया जाएगा। जिसमें प्राचीन भारत की तकनीक के साथ थी पूजा पद्धति और उसके महत्व को भी सामने लाया जाएगा।*

### 'श्रद्धालुओं को कोई शिकायत नहीं'

*अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने श्रद्धालुओं की संख्या घटने की बात को अफवाह बताते हुए कहा कि वो खुद भक्तों से लगातार बात करते रहते हैं और उनके मन में राम के प्रति आस्था, अर्चना या आरती को लेकर एक भी शिकायत नहीं है। मंदिर निर्माण में कुल 1,600 से 1,800 करोड़ रुपये का खर्च आ चुका है।*

## खबर संक्षेप

### सोनभद्र में गहरी खाई से पति-पत्नी के शव बरामद

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के चोपन क्षेत्र में वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर स्थित मारकुंडी घाटी की गहरी खाई से रविवार को एक दंपति के क्षत-विक्षत शव बरामद किए गए। शवों की पहचान बिच्छी इलाके के रहने वाले राहुल यादव (26) और उसकी पत्नी चंदा (24) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मौके पर एक मोटरसाइकिल भी पाई गई है। पुलिस ने कहा कि ऐसा लगता है कि दंपति की मोटरसाइकिल बेकाबू होकर गहरी खाई में गिर गई होगी, जिससे दोनों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

### बड़ौत में निकाह से पहले हलफनामा देना अनिवार्य

**बागपत।** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के बड़ौत में अब दूल्हा और दुल्हन पक्ष के लिए निकाह से पहले स्टाम्प पेपर पर वकील से तैयार कराया गया हलफनामा पेश करना अनिवार्य होगा। यह फैसला जमीअत उलमा-ए-हिंद और खिदमत सोसायटी की जामा मस्जिद में हुई बैठक में लिया गया। दीनी तालीमी बोर्ड, जमीअत उलमा-ए-हिंद के जिलाध्यक्ष मौलाना आरिफ-उल-हक ने बताया कि हलफनामे में घोषित करना होगा कि दूल्हा और दुल्हन दोनों बालिग हैं, उनकी वैवाहिक स्थिति, उम्र और अन्य जरूरी जानकारियां सही हैं तथा निकाह से जुड़ा कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है।

**दतिया उपचुनाव :** हिंसक प्रदर्शन पर पुलिस का एक्शन, 27 नामजद सहित 200 पर एफआईआर

# नरोत्तम ने की भाजपाध्यक्ष नितिन से मुलाकात, बोले- भाजपा की होगी जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/भोपाल

मध्य प्रदेश की सियासत में दतिया विधानसभा सीट से टिकट कटने के बाद उपजे घटनाक्रम ने अब एक नया मोड़ ले लिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता नरोत्तम मिश्रा ने दिल्ली पहुंचकर पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व से मुलाकात की है। इस दौरान उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ दतिया सीट पर जीत सुनिश्चित करने और कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करने को लेकर गहन मंथन किया।

मुलाकात के बाद नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि यह अब स्पष्ट हो चुका है कि किसी भी व्यक्ति का कद पार्टी से बड़ा नहीं होता। टिकट न मिलना इस बात का जवाब है कि कोई भी पार्टी से ऊपर नहीं है। पार्टी का स्थान बहुत ऊंचा है और वह दूरगामी दृष्टि रखती है। पार्टी के इस निर्णय को पूर्ण सम्मान के साथ स्वीकार करना और संगठन के लिए काम करना ही हमारा एकमात्र उद्देश्य है। मैं एक समर्पित पार्टी कार्यकर्ता के रूप में काम करूंगा। मैं आशुतोष तिवारी के नामांकन दाखिल करने के समारोह में उपस्थित रहूंगा।

### मैं भाजपा में ही जन्मा और भाजपा में ही मरूँगा : नरोत्तम

दिल्ली में आलाकमान से मुलाकात के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए नरोत्तम मिश्रा ने अपने भविष्य को लेकर लग रही अटकलों पर पूर्ण विराम लगा दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, मेरा जन्म भाजपा में हुआ है और मैं भाजपा में ही रहूँगा। यहाँ-वहाँ जाने की कोई बात ही नहीं है। टिकट कटने से उपजी नाराजगी के सवालों पर उन्होंने कहा कि कभी-कभी कार्यकर्ताओं में क्षणिक आवेश आ जाता है, जो अब शांत हो चुका है। उन्होंने पार्टी को खुद से बड़ा बताते हुए अनुशासन का संकेत दिया है।

### आशुतोष के नामांकन दाखिले के वक्त समर्थकों सहित रहूंगा उपस्थित



### दतिया फतह पर आलाकमान का फोकस

बताया जा रहा है कि, नरोत्तम मिश्रा ने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के समक्ष दतिया सीट को लेकर अपनी बात रखी और टिकट वितरण के बाद कार्यकर्ताओं में उपजे रोष के बारे में जानकारी दी। बैठक में पार्टी का पूरा फोकस दतिया में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने पर रहा। भाजपा नेतृत्व ने उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे चुनाव में पूरी सक्रियता से जुटें, नाराज समर्थकों को मनाएं और इस्तीफा देने वाले कार्यकर्ताओं को वापस पार्टी की मुख्यधारा से जोड़ें।

### दतिया में बवाल, घंटों राजमार्ग रहा जाम

बता दें कि दतिया सीट पर उपचुनाव हैं, और यहां से भाजपा के दिग्गज नेता और प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा से चुनाव लड़ते आ रहे हैं। पर इस बार भाजपा ने उनका टिकट काटकर आशुतोष तिवारी को मैदान में उतारा है। उनका नाम सामने आते ही नरोत्तम मिश्रा के समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। शुक्रवार शाम से हजारों समर्थकों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर चक्का जाम कर दिया, जिससे करीब 15 किलोमीटर लंबा जाम लग गया और आसपास के जिलों का यातायात प्रभावित हुआ था।

### हिंसक प्रदर्शन पर मामले दर्ज

*नरोत्तम मिश्रा का टिकट कटने के बाद मध्य प्रदेश के दतिया में हुए हिंसक प्रदर्शन पर पुलिस ने ऐक्शन लिया है। 27 नामजद समेत 200 लोगों पर एफआईआर की गई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अज्ञात कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस का आरोप है कि उपद्रवियों के पथराव से जहां कई पुलिस कर्मी घायल हुए वहीं पुलिस वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई।*

### कांग्रेस ने कसा तंज

*कांग्रेस ने नरोत्तम मिश्रा पर निशाना साधने का कोई मौका नहीं छोड़ा। कांग्रेस नेता उमंग सिंघार ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा को अपनी चिंता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नरोत्तम मिश्रा को दिल्ली के बजाय अब डबरा (दतिया) की ओर रुख करना चाहिए, क्योंकि दतिया की जनता ने उन्हें पहले ही नकार दिया है।*

# संसद सत्र 20 से, सरकार ने 19 को बुलाई सर्वदलीय बैठक



इन मुद्दों पर मीटिंग में हो सकती है चर्चा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हो रहा है। इससे पहले ठीक एक दिन पहले सरकार 19 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे सर्वदलीय बैठक करने जा रही है।

बैठक में इस सत्र के दौरान होने वाली महत्वपूर्ण चर्चा की योजना को लेकर बातचीत की जा सकती है। सर्वदलीय बैठक में सरकार विपक्ष को यह भी बताएगी कि इस सत्र में कौन से बिल पेश किए जा सकते हैं। दरअसल, सरकार मानसून सत्र को सुचारु रूप से संचालित करना चाहती है। इसलिए वह अलग-अलग सियासी दलों के नेताओं के साथ एजेंडे को लेकर चर्चा करना चाहती है।

### विधेयकों की दी जाएगी जानकारी

सरकार की तरफ से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सभी प्रमुख सियासी दलों के नेताओं के साथ-साथ उनके प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। इस बैठक में ही विपक्ष के नेताओं को इस सत्र में आने जा रहे प्रमुख विधेयकों की जानकारी दी जाएगी। मीटिंग में विपक्षी दल भी अपने मुद्दे सरकार के सामने रख सकते हैं।

### 'इंडिया' गठबंधन राममंदिर और नीट पेपर लीक के मुद्दे उठाएगा

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद सुधाकर सिंह ने रविवार को कहा कि 'इंडिया' गठबंधन संसद के मानसून सत्र में राम मंदिर चढ़ावा मामले और नीट पेपर लीक जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरेगा। साथ ही, वे विपक्षी दलों में विभाजन करके दो-तिहाई बहुमत हासिल करने की भाजपा की कथित कोशिशों का भी विरोध करेंगे। रविवार को दिए एक साक्षात्कार में बिहार के बक्सर से सांसद सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा अपने विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी संख्या बल हासिल करने की कोशिश में विपक्षी दलों को कमजोर करने की राजनीतिक रणनीति अपना रही है। सिंह ने कहा, ''भाजपा देश भर में विपक्षी दलों में विभाजन करके दो-तिहाई बहुमत हासिल करना चाहती है। 'इंडिया' गठबंधन एकजुट होकर इसका विरोध करेगा। हम हर अहम मुद्दे को उठाएंगे जिसमें राम मंदिर चढ़ावा चोरी और पेपर लीक से लेकर बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण तक शामिल है। विपक्षी सांसदों के हालिया पाला बदलने और आगे भी ऐसा होने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा कि यह चिंता पूरे 'इंडिया' गठबंधन की है।

### एनीकट में डूबने से तीन भाई बहन समेत चार की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के डूंगरपुर जिले में एनीकट में कथित तौर पर डूबने से तीन भाई-बहन समेत एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य को सुरक्षित बचा लिया गया। पुलिस ने बताया कि यह हादसा धंबोला थाना क्षेत्र के बड़ी गांव में हुआ।

## राशिफल

**मेष** मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**बंगाल: एनएससीबीआई रनवे के विस्तार का रास्ता साफ**

# कोलकाता एयरपोर्ट से बांकरा मस्जिद हटाने का काम शुरू

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कई वर्षों की बातचीत के बाद, रनवे का विस्तार करने के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल (एनएससीबीआई) एयरपोर्ट इलाके से बांकरा मस्जिद को दूसरी जगह ले जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

शनिवार से एयरपोर्ट के रास्ते मस्जिद में जाने के लिए एंट्री पास बंद कर दिए गए हैं। मस्जिद के अंदर नमाज भी रोक दी गई है। दमदम उत्तर के विधायक सौरव सिकदर शनिवार सुबह इलाके में मौजूद थे,और उन्होंने इस मुद्दे पर स्थानीय लोगों से बात की। बाद में, विधायक ने कहा कि नमाज पढ़ने आने वाले ज्यादातर लोग इस कदम से सहमत हैं। बता दें कि दम-दम एयरपोर्ट पर दो रनवे हैं; मुख्य (बड़ा) रनवे टेक-ऑफ और लैंडिंग के लिए इस्तेमाल होता है, जबकि दूसरा रनवे छोटा है। मस्जिद उस रनवे से थोड़ी दूरी पर स्थित है।



### मस्जिद कमेटी भी फैसले से खुश

मस्जिद कमेटी ने पहले कहा था कि वे नहीं चाहते कि उनकी वजह से एयरपोर्ट को कोई नुकसान हो या सुरक्षा में कोई बाधा आए, और एयरपोर्ट अधिकारियों ने एयरपोर्ट के बाहर एक बड़ी मस्जिद बनाने का प्रस्ताव दिया था। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वे अभी जगह बदलने के बारे में कोई अंतिम फैसला लेने की स्थिति में नहीं हैं। बाद में, इस मामले में एक फैसला लिया गया और सब कुछ शांतिपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया।

### क्यों बदली जा रही मस्जिद की जगह?


136 साल पुरानी गौरीपुर जामा मस्जिद को 'बांकरा मस्जिद' के नाम से जाना जाता है। यह मस्जिद एयरपोर्ट के अंदर ही स्थित है। लंबे समय से मस्जिद को दूसरी जगह ले जाने की बात चल रही है। जानकारों का कहना है कि अगर मरम्मत के लिए पहला रनवे कुछ समय के लिए बंद किया जाता है तो बड़े विमानों के टेक-ऑफ और लैंडिंग में दिक्कतें आएंगी। आखिरकार शनिवार से मस्जिद हटाने की प्रक्रिया शुरू हुई।

## चाक चौबंद सुरक्षा...



**जम्मू।** अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा को लेकर जम्मू प्रशासन व सेना के जवान सतर्क हैं और हर आने जाने वाले वाहनों व लोगों की बारीकी से जांच की जा रही है।

## शब्द पहेली - 6285



**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

### शब्द पहेली-6284 का हल



## सूडोकु नवताल - 6295

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6294 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## खबर संक्षेप



### एल्युमिनियम स्क्रैप पर लगा आयात शुल्क हटाने की मांग

**नई दिल्ली।** पुनर्चक्रण उद्योग ने सरकार से एल्युमिनियम कबाड़ यानी स्क्रैप पर लगने वाले 2.5 प्रतिशत शुल्क को समाप्त करने की मांग की है। मटेरियल रीसाइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमआरएआई) ने कहा कि शुल्क हटाने से पुनर्चक्रण और एल्युमिनियम आधारित विनिर्माण उद्योग की लागत कम करने में मदद मिलेगी तथा वे वैश्विक स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे। एमआरएआई ने कहा है कि औद्योगिक मांग को पूरा करने के लिए देश आयातित एल्युमिनियम स्क्रैप पर निर्भर बना हुआ है। एमआरएआई ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को भेजे पत्र में अनुरोध किया है कि एल्युमिनियम कबाड़ पर मौजूदा 2.5 प्रतिशत मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) को खत्म किया जाए।

### सेल इंडोनेशिया में स्टील के लिए संभावना तलाशेगी




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और इंडोनेशिया की पीटी क्राकाटाउ स्टील प्रस्तावित संयुक्त उद्यम के तहत पांच लाख से 10 लाख टन क्षमता की स्टेनलेस स्टील परियोजना स्थापित करने की संभावना तलाश रही हैं। दोनों कंपनियों ने संयुक्त उद्यम की स्थापना के लिए सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्र ने कहा कि सेल और इंडोनेशिया की कंपनी पांच लाख टन क्षमता की स्टेनलेस स्टील परियोजना स्थापित करने की संभावना तलाशेंगी। यह संयंत्र 10 लाख टन क्षमता का भी हो सकता है।

### डीएलएफ के चेयरमैन का वेतन 20 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ लिमिटेड के चेयरमैन राजीव सिंह का पारिश्रमिक वित्त वर्ष 2025-26 में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 44.06 करोड़ रुपये हो गया है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान निदेशक/केएमपी (मुख्य प्रबंधकीय कर्मियों) को दिए गए वेतन की सूची के अनुसार, डीएलएफ के चेयरमैन एवं पूर्णकालिक निदेशक को वित्त वर्ष में 44.06 करोड़ रुपये वेतन मिला है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह राशि 36.65 करोड़ रुपये थी। डीएलएफ के चेयरमैन को मिले कुल पारिश्रमिक में से 41.74 करोड़ रुपये कमीशन के रूप में मिले हैं।

### भारत-कनाडा मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता हुई पूरी



**नई दिल्ली।** भारत और कनाडा के बीच प्रस्तावित वृहद आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर तीसरे दौर की वार्ता 10 जुलाई को ओटावा में पूरी हो गई है। दोनों देशों ने इस समझौते पर 2026 के भीतर बातचीत पूरी करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। माल एवं सेवाओं का व्यापार, बौद्धिक संपदा, मूल स्थान के नियम, स्वच्छता और पादप-स्वच्छता संबंधी उपाय तथा व्यापार में तकनीकी बाधाएं आदि मुद्दों पर पांच दिन तक बातचीत हुई। वाणिज्य विभाग ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा, ''भारत और कनाडा ने छह से 10 जुलाई, 2026 के बीच ओटावा में भारत-कनाडा सीईपीए के लिए बातचीत का तीसरा चरण पूरा कर लिया है।

# अब नहीं बनेंगी आपकी एआई तस्वीरें! मेटा ने विवादित 'म्यूज इमेज' फीचर हटाया

**मेटा ने आठ जुलाई को इंस्टाग्राम पर एक एआई फीचर लांच किया था**

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

मेटा ने आठ जुलाई 2026 को इंस्टाग्राम के लिए म्यूज इमेज नाम का एक एआई फीचर लांच किया था। जिसका उद्देश्य क्रिएटिविटी को बढ़ावा देना था। इसकी मदद से कोई भी यूजर किसी पब्लिक इंस्टाग्राम अकाउंट का नाम लिखकर उसकी तस्वीरों से नई एआई इमेज तैयार कर सकता था। इसके लिए यूजर को केवल प्रॉम्प्ट में उस अकाउंट का नाम यानी यूजरनेम लिखना होता था, और एआई उस प्रोफाइल की तस्वीरों के आधार पर एक बिल्कुल नया डिजिटल रूप तैयार कर देता।

### कैसे शुरू हुआ विवाद?

फीचर लांच होते ही सोशल मीडिया पर इसकी आलोचना शुरू हो गई। यूजर्स का कहना था कि उनकी परमिशन के बिना तस्वीरों को एआई मॉडल में इस्तेमाल करना प्राइवेसी के खिलाफ है। कई लोगों ने आशंका जताई कि इस फीचर का इस्तेमाल करके किसी की फर्जी एआई इमेज बनाई जा सकती है, जिससे पहचान के दुरुपयोग और डिजिटल धोखाधड़ी का खतरा बढ़ सकता है। यानी की इससे डीपफेक जैसे मामले भी बढ़ सकते हैं।




### हॉलीवुड से भी उठा विरोध

इस फीचर से केवल आम यूजर्स को ही नहीं, बल्कि हॉलीवुड के दिग्गजों को भी समस्या थी। मशहूर टैलेंट एजेंसी सीएए, जो टॉम क्रूज और जेंडाया जैसे कलाकारों का प्रतिनिधित्व करती है, ने भी इस फीचर पर आपत्ति जताई। उनका कहना था कि किसी व्यक्ति की तस्वीरों का एआई के लिए उपयोग उसकी स्पष्ट सहमति के बिना नहीं होना चाहिए।




## सीआरईए ने कहा, पिछले माह से 34 फीसदी अधिक आयात

# भारत ने जून में रूस से रिकॉर्ड 4.5 अरब यूरो का कच्चा तेल खरीदा : रिपोर्ट

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत ने इस साल जून में रूस से रिकॉर्ड मात्रा में कच्चे तेल का आयात किया है और यह इससे पिछले महीने की तुलना में 34 प्रतिशत अधिक रहा है। हालांकि, इस दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में नरमी के कारण रूस की तेल निर्यात से होने वाली आय में कमी दर्ज की गई।

■ कीमतों में नरमी के कारण तेल निर्यात से आय में कमी दर्ज

सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, जून में भारत ने रूस से 4.5 अरब यूरो मूल्य का कच्चा तेल खरीदा, जो रूस से उसके कुल 5.5 अरब यूरो के जीवाश्म ईंधन आयात का 83 प्रतिशत बैठता।

**खास बातें**

■ जून में भारत ने रूस से 4.5 अरब यूरो मूल्य का कच्चा तेल खरीदा



### ब्रिटिश सरकार के विशेष प्रावधान से आयात हुआ संभव

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि यूरोपीय संघ द्वारा रूसी कच्चे तेल से बने उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध के बावजूद जून में भारतीय रिफाइनरियों से भेजी गई ऐसी दो खेप यूरोपीय बंदरगाहों पर उतारी गईं। इसके अलावा, ब्रिटेन ने भी जून में जामनगर रिफाइनरी से रूसी कच्चे तेल से तैयार जेट ईंधन की पहली खेप प्राप्त की। ब्रिटिश सरकार द्वारा दिए गए विशेष प्रावधान के तहत यह आयात संभव हुआ।

### रूसी तेल की आपूर्ति भारतीय रिफाइनरियों में बढ़ी

इस तरह भारत चीन के बाद रूस से हाइड्रोकार्बन खरीदने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा। भारत के कुल कच्चे तेल आयात में जून के दौरान मासिक आधार पर 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस दौरान रूसी तेल की आपूर्ति भारतीय रिफाइनरियों में उल्लेखनीय रूप से बढ़ी।

### रिलायंस की रिफाइनरी से तेल की आपूर्ति

रिलायंस इंडस्ट्रीज की जामनगर रिफाइनरी में रूस से तेल की आपूर्ति मई की तुलना में 150 प्रतिशत, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की पारादीप रिफाइनरी में 126 प्रतिशत, भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) की कोच्चि रिफाइनरी में 83 प्रतिशत और नायरा एनर्जी की वाडिनार रिफाइनरी में 45 प्रतिशत बढ़ी।

### भारत की निर्यात मात्रा 14 प्रतिशत बढ़ी

सीआरईए के अनुसार, भारत की बढ़ी हुई खरीदारी से जून में रूस के कच्चे तेल के निर्यात की मात्रा 14 प्रतिशत बढ़ गई। इसके बावजूद कम कीमतों के कारण रूस की कच्चे तेल से दैनिक निर्यात आय आठ प्रतिशत घटकर 34.8 करोड़ यूरो प्रतिदिन रह गई। कुल मिलाकर रूस के जीवाश्म ईंधन निर्यात की दैनिक आय एक प्रतिशत घटकर 73.4 करोड़ यूरो रह गई, जबकि निर्यात मात्रा सात प्रतिशत बढ़ी।

### भारत वैश्विक व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा

रिपोर्ट कहती है जून में भारत द्वारा रूस से आयात किए गए 5.5 अरब यूरो के जीवाश्म ईंधन में 4.5 अरब यूरो का कच्चा तेल, 48.8 करोड़ यूरो के पेट्रोलियम उत्पाद और 44.4 करोड़ यूरो का कोयला शामिल था। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत, रूस के कच्चे तेल से तैयार किए गए परिष्कृत ईंधन के वैश्विक व्यापार में भी अहम भूमिका निभा रहा है।

### 81.4 करोड़ यूरो मूल्य का उत्पाद निर्यात

जून में भारत, तुर्किये, ब्रुनेई और जॉर्जिया की रिफाइनरियों ने रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले देशों—यूरोपीय संघ, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया-को 81.4 करोड़ यूरो मूल्य के पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात किया। इनमें से लगभग 36.9 करोड़ यूरो के उत्पाद रूसी कच्चे तेल से तैयार किए गए थे।

# पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में एचडीएफसी बैंक रहा




**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 92,995.48 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 194.52 अंक यानी 0.25 प्रतिशत और एनएसई का निफ्टी 63.95 अंक यानी 0.26 प्रतिशत गिरावट के साथ बंद हुआ। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार पूंजीकरण में वृद्धि दर्ज की गई।

# एयरटेल 10 साल में 3.3 लाख करोड़ रुपए का करेगी निवेश

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारती एयरटेल के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कहा है कि कंपनी ने पिछले एक दशक में डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण में 3.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है और अब वृद्धि के अगले चरण के लिए वित्तीय सेवाओं, डेटा केंद्रों और क्लाउड सेवाओं पर बड़ा दांव लगा रही है।

■ वित्तीय सेवाओं डेटा सेंटर और क्लाउड पर लगाएगी दांव

कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में मित्तल ने कहा कि एयरटेल ने नए विकास क्षेत्रों को तैयार करने के लिए सोच-समझकर कदम उठाए हैं। इन प्रयासों से कंपनी को मजबूत परिणाम मिले हैं और अब उसे वित्तीय सेवाएं, डेटा केंद्र और एयरटेल क्लाउड क्षेत्र में आगे बढ़ने की अच्छी संभावनाएं दिख रही हैं।

चेयरमैन ने कहा कि भारती एयरटेल ने अपनी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) एयरटेल मनी में 20,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। वहीं, कंपनी की डेटा सेंटर इकाई नेक्स्ट्रा ने एक गीगावाट (जीडब्ल्यू) क्षमता विकसित करने की योजना के तहत हाल में एक अरब डॉलर (करीब 9,500 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। मित्तल ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एयरटेल मनी को गैर-जमा स्वीकार करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में काम करने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा, "यह कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और भारत में वित्तीय समावेशन का दायरा बढ़ाने के व्यापक लक्ष्य की दिशा में भी अहम कदम है।"




### एक गीगावाट क्षमता तैयार की जाएगी

मित्तल ने कहा कि एयरटेल मनी को आने वाले वर्षों में पर्याप्त पूंजी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत में तेजी से बढ़ते डिजिटलीकरण, क्लाउड सेवाओं के बढ़ते उपयोग और डेटा को देश में ही रखने की जरूरतों के कारण नेक्स्ट्रा अगले कुछ वर्षों में एक गीगावाट क्षमता तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

# तिमाही नतीजों से तय होगी घरेलू शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह अमेरिका-ईरान के बीच भू-राजनीतिक तनाव, कंपनियों के तिमाही नतीजों, कच्चे तेल की कीमतों और महंगाई के आंकड़ों से तय होगी। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि मानसून की प्रगति और विदेशी निवेशकों (एफपीआई) की कारोबारी गतिविधियों पर भी निवेशकों की करीबी नजर रहेगी।

■ भू-राजनीतिक स्थिति, कच्चे तेल की कीमतें डालेगी प्रभाव

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि घरेलू स्तर पर निवेशक जून के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों के साथ-साथ विदेशी मुद्रा भंडार के ताजा आंकड़ों पर ध्यान देंगे।



उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के नतीजों का सीजन अब रफ्तार पकड़ेगा। इस दौरान कंपनियों के प्रबंधन की टिप्पणियां विभिन्न क्षेत्रों की संभावनाओं और आमदनी के अनुमानों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। मिश्रा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका-ईरान तनाव और कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ने वाले असर पर भी बाजार की नजर बनी रहेगी। चार महीनों तक लगातार बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जुलाई में भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध खरीदार बन गए हैं। उन्होंने इस महीने अबतक 15,157 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर खरीदे हैं। इसके पीछे घरेलू आर्थिक संकेतकों में सुधार, रुपये की स्थिरता और वैश्विक जोखिम धारणा में सुधार को प्रमुख वजह माना जा रहा है। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि इस सप्ताह एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, यूनियन बैंक और फेडरल बैंक समेत कई कंपनियों के तिमाही नतीजे आने वाले हैं। उनके अनुसार, व्यापक आर्थिक मोर्चे पर मुद्रास्फीति के आंकड़े बाजार के लिए अहम संकेतक होंगे।

### मुद्रास्फीति का आंकड़ा होगा आज जारी

मीणा ने कहा कि भारत का सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति का आंकड़ा सोमवार को और डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति का आंकड़ा मंगलवार को जारी होगा। इसके अलावा ग्रामीण मांग और महंगाई पर प्रभाव को देखते हुए मानसून की प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

# ग्राहकों की जरूरत के अनुरूप नए मॉडल लाएगी होंडा मोटर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

जापान की प्रमुख वाहन कंपनी होंडा मोटर भारत के दोपहिया वाहन बाजार की दीर्घकालिक वृद्धि की संभावनाओं को लेकर आशान्वित है। कंपनी का मानना है कि व्यक्तिगत परिवहन की बढ़ती जरूरत, कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और प्रीमियम वाहनों की बढ़ती मांग आने वाले वर्षों में उद्योग की वृद्धि को गति देती रहेगी। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) त्सुत्सुमु ओतानी ने कहा कि कंपनी ग्राहकों की बदलती जरूरतों के अनुरूप नए उत्पाद बाजार में उतारने की तैयारी कर रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की दूसरी छमाही में त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए कई नए मॉडल पेश किए जाएंगे। ओतानी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय दोपहिया उद्योग ने ग्रामीण मांग में सुधार, प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती बिक्री, निर्यात में मजबूती और सरकार की अनुकूल नीतियों के कारण शानदार प्रदर्शन किया।

■ भारत के दोपहिया वाहन बाजार को लेकर आशान्वित है कंपनी



उनके अनुसार, चालू वित्त वर्ष में भी उद्योग की वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है, हालांकि, इसकी रफ्तार पिछले वर्ष की तुलना में कुछ धीमी रह सकती है। सीईओ ने कहा, "दीर्घावधि में हमें भारतीय दोपहिया बाजार की वृद्धि क्षमता पर पूरा विश्वास है। ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे में सुधार, व्यक्तिगत परिवहन की बढ़ती आवश्यकता, कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती मांग उद्योग की वृद्धि को लगातार समर्थन देती रहेगी।''

**दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री बढ़ी :** वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में देश में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 10.7 प्रतिशत बढ़कर 2,17,5,974 इकाई रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 1.96 करोड़ इकाई से कुछ अधिक रही थी।

## गोयल इस सप्ताह स्पेन और बेल्जियम जाएंगे



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व्यापार तथा निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए स्पेन, बेल्जियम और फिनलैंड की पांच दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रतिनिधिमंडल में उन्नत विनिर्माण, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, रत्न एवं आभूषण, खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य सेवा और डिजाइन जैसे क्षेत्रों की प्रमुख भारतीय कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बयान के अनुसार, गोयल 13 जुलाई को स्पेन में भारत-स्पेन व्यापार गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

# खाड़ी में तनाव से सोने-चांदी पर दबाव बने रहने की संभावना

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान संघर्ष में ताजा तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और महंगाई के आंकड़ों पर निवेशकों की नजर के बीच अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि कीमती धातुओं में फिलहाल गिरावट का रुख कायम रह सकता है। विश्लेषकों ने कहा कि महंगाई के आंकड़े वैश्विक ब्याज दरों को लेकर बाजार की उम्मीदों को प्रभावित कर सकते हैं। पश्चिम एशिया में ताजा तनाव से एक बार फिर वैश्विक बाजारों में चिंता बढ़ गई है।

■ कच्चे तेल की कीमतों पर निवेशकों की नजर



ईरान ने हाल में कहा था कि उसने एक ऐसे जहाज को निशाना बनाया जो उसकी मंजूरी के बिना मार्ग से गुजर रहा था। इसके बाद उसने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा की। इसके बाद अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान पर हमले किए, जिसके जवाब में ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात , कुवैत और बहरीन में अमेरिका से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (जिंस एवं मुद्रा शोध) प्रणव मेर ने कहा, "सोने और चांदी में फिलहाल गिरावट और 'करेक्शन' का दौर जारी है। अब बाजार का ध्यान फिर से अमेरिका-ईरान संघर्ष पर रहेगा।

यदि तनाव काफी बढ़ता है तो कच्चे तेल की कीमतों में फिर तेजी आ सकती है और अमेरिकी डॉलर तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल जैसे सुरक्षित निवेश विकल्प मजबूत होंगे।" एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष और शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''सोने के लिए एक और कमजोर सप्ताह रहा। मजबूत अमेरिकी डॉलर, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और ब्याज दरों में बढ़ोतरी की उम्मीदों के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई, जिससे सोने में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई।''

### हर उछाल पर निवेशकों की मुनाफावसूली

*मेर ने कहा कि बीच-बीच में सुधार की कोशिशों के बावजूद सर्राफा कीमतें तेजी को बनाए रखने में विफल रहीं और हर उछाल पर निवेशकों ने मुनाफावसूली की। त्रिवेदी ने कहा कि भारतीय रुपये में मामूली गिरावट से एमसीएक्स सोने को सीमित समर्थन मिला, लेकिन वैश्विक बाजार में कमजोर रुख ने इसके प्रभाव को काफी हद तक संतुलित कर दिया।*

***कई प्रमुख आंकड़ों पर होगी नजर** : अंतरराष्ट्रीय बाजार में न्यूयॉर्क में कॉमेक्स सोना वायदा 12 डॉलर की गिरावट के साथ 4,113.7 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। वहीं, चांदी 1.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60.16 डॉलर प्रति औंस रह गई।*

**Office of The Superintending Engineer Chhattisgarh Rural Road Development Agency Project Circle Raigarh, Distt-Raigarh (C.G.)**

**-: e-Procurement Tender Notice :-**

NIT No 154 1st Call/Tender/CGRRDA/2026 Raigarh Date: 10.07.2026

Superintending Engineer, CGRRDA, Project Circle Raigarh (C.G.) on behalf of Governor of Chhattisgarh invites package wise bids in electronic tendering system for construction of road under PMGSY (D.M.F.) work for District of the state as per BOQ from the eligible Contractors/Firms registerd with unified registration system (e-registration) for the work mentioned below. Date of release of invitation for bids through e-procurement.

| N 0. | NIT. No | Work Name | Package No /Amount (Rs. in Lakh i/c GST) | District | Category of Contractor | Rate invited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 154 1st Call | Construcion Work Under PMGSY (D.M.F.) | DMF RGH-06 = 456.08<br>DMF RGH-07 = 715.09<br>DMF RGH-08 = 729.25<br>DMF RGH-09=508.75<br>DMF RGH-10 = 502.79<br>DMF RGH-11 = 690.85<br>**Total = 3602.81** | Raigarh | B & Above | Percentage rate of PMGSY SOR Date 06.06.2025 issued by CE, GRRDA, Raipur |

**Availability of Bid Document and mode of submission:-** The bid document is available online, should be submitted in https://eproc.cgstate.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bid, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorised certifying authorities.

Detailed N.I.T. and other Details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in from Date 15.07.2026, 5:00 PM & onwards. In future any releated corrigendum would be seen in the notice section of this website.

**(Sunil Namdeo) Superintending Engineer**
**S-48415 Chhattisgarh Rural Road Development Agency Project Circle, Raigarh (C.G.)**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### छग पुलिस के...

गिरफ्तारी के बाद भारत सरकार सौरभ को ओमान से भारत लाने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। हालांकि इस संबंध में भी अब तक कोई पुष्टि नहीं हुई है।

### पहले भी गिरफ्तारी...

सौरभ चंद्राकर और उसका साथी रवि उप्पल के दुबई से दूसरे देश भागने की खबर भी आईं थीं। साथ ही यह भी कहा गया था कि दोनों ने गिरफ्तारी के डर से प्रशांत महासागर के द्वीपीय देश वानुआतु की नागरिकता और पासपोर्ट हासिल कर लिए थे, ताकि भारतीय एजेंसियों से बचा जा सके।

### आज से विधानसभा...

कानून-व्यवस्था को लेकर होने की संभावना है। विपक्ष के पास कई ऐसे मुद्दे हैं, जिस पर सवाल उठाए गए हैं। सत्र के पहले दिन पंडवानी गायिका तीजन बाई को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

विधानसभा सत्र में पहले दिन प्रश्नोत्तरी में राजस्व, उच्च शिक्षा, ऊर्जा, खनिज, सिचाई और वन विभाग के सवालों का मंत्री जवाब देंगे। बताया गया है कि विपक्ष पहले दिन से ही सरकार को घेरने स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से मामले उठाने का प्रयास करेगा।

### बस को रोककर...

सागर ने साइड नहीं देने का आरोप लगाते हुए अपनी गाड़ी यत्रियों से भरी बस के सामने अड़ा दी। इसके बाद उन्होंने बस चालक के साथ गाली-गलौज की।

### नक्सली डंप से 16...

बिस्कुट कीमत 16 लाख, 2 लाख नकद कुल 18 लाख बरामद किया गया। इसके अलावा इंसास राइफल 1, इंसास मैग्जीन 16, एके-47 मैग्जीन 4, एके-47 राउंड 68, एसएलआर मैग्जीन 23, एसएलआर राउण्ड 34, 12 बोर बंदूक 5, 12 बोर राउण्ड 7, बीजीएल लांचर 3, बीजीएल सेल 1, कार्बाइन मैग्जीन 2, 303 राउण्ड 8, 303 चार्जर 45, 8 एमएम राउण्ड 6, भरमार बंदूक 10, रिवाल्वर 1, एयरगन 1 मिला है।

**भटके हुए माओवादियों से अपील-**

दंतेवाड़ा पुलिस ने भटके हुए माओवादियों से अपील की है कि नक्सली विचारधारा त्याग कर अपने क्षेत्र और ग्राम के विकास में भाग लें और अपने परिवार के साथ मुख्यधारा में जुड़कर शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत करें। वहीं क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों तथा ग्रामीणों से भी अपील की गई है कि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बहाल करने में योगदान दें।

### मैं आत्महत्या कर...

कुरैशी ने अपनी आगामी पुस्तक 'इंडिया एंड आई: ए हंड्रेड मेमोरीज, नॉट ए मेमॉयर' में किया है।

अपनी किताब में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ने मनमोहन सिंह को ऐसे नेता के रूप में याद किया है, जिनके लिए संवैधानिक मर्यादा केवल भाषणों तक सीमित नहीं थी, बल्कि वह उनके आचरण और सोच का अभिन्न हिस्सा थी। कुरैशी के मुताबिक, जनवरी 2012 में उत्तर प्रदेश में चुनाव हो रहा था। उस समय कानून मंत्री सलमान खुर्शीद ने एक चुनावी रैली में वादा किया कि उनकी पार्टी सत्ता में आई तो नौकरियों में मुसलमानों के लिए आरक्षण 4.5 प्रतिशत से बढ़ाकर नौ प्रतिशत कर दिया जाएगा। 'हैचेट इंडिया' द्वारा प्रकाशित और जल्द बाजार में आने वाली पुस्तक में कुरैशी लिखते हैं, भारतीय जनता पार्टी ने इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए तुरंत चुनाव आयोग में शिकायत की कि चुनाव प्रक्रिया शुरू होने और आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद किसी नयी योजना की घोषणा नहीं की जा सकती। उन्होंने लिखा, हमने चार दिन तक सुनवाई की। कांग्रेस की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी और भाजपा की ओर से अरुण जेटली ने पक्ष रखा। दो प्रखर कानूनी विद्वान इस पेचीदा सवाल पर तर्कों की धार आजमा रहे थे कि आखिर चुनावी वादे और मतदाताओं को प्रलोभन देने के बीच की लकीर कहां खींची जाए। आखिरकार निर्वाचन आयोग ने खुर्शीद की निंदा की। कुरैशी के अनुसार, आदर्श आचार संहिता के तहत आयोग के पास उपलब्ध यह सबसे कड़ी कार्रवाई थी। जुलाई 2010 से जून 2012 तक मुख्य चुनाव आयुक्त रहे कुरैशी बताते हैं कि आयोग की कार्रवाई से खुर्शीद स्पष्ट रूप से नाराज थे। इसके बाद कांग्रेस के भीतर से आवाजें उठने लगीं कि निर्वाचन आयोग 'अहंकारी' या 'मनमाना' हो गया है।

**2004 से लेकर 2014 तक प्रधानमंत्री रहे मनमोहन-**

डॉ. मनमोहन सिंह 2004 से 2014 तक देश के प्रधानमंत्री रहे और उन्हें शांत, संयमित तथा संस्थाओं का सम्मान करने वाले नेता के रूप में जाना जाता है। वहीं एसवाई कुरैशी जुलाई 2010 से जून 2012 तक भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त रहे। उनके कार्यकाल में बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर समेत कई बड़े राज्यों के विधानसभा चुनाव संपन्न हुए।

### -क्या है पूरा...

इसके बाद कांग्रेस के कुछ नेताओं और मंत्रियों ने चुनाव आयोग की आलोचना करते हुए उसके फैसले पर सवाल उठाए। यही बयानबाजी चुनाव आयोग और सरकार के बीच तनाव की वजह बनी। कुरैशी का दावा है कि प्रधानमंत्री ने इस पूरे मामले को बेहद गंभीरता से लिया और बाद में मंत्रियों तक अपना सख्त संदेश पहुंचाया, जिसके बाद चुनाव आयोग के खिलाफ सार्वजनिक बयानबाजी बंद हो गई।

### दशकों से डूब...

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में कई राहगीर तेज बहाव के दौरान पुल पार करते समय पानी में बह चुके हैं। हर वर्ष बरसात में यही स्थिति बनने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है और लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर नाला पार करना पड़ता है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि फिंगेश्वरी नाले पर बने पुल की ऊंचाई बढ़ाकर नया एवं सुरक्षित पुल बनाया जाए, ताकि बरसात में भी निर्बाध आवागमन सुनिश्चित हो सके और क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके।

### सूखे में सुखी,...

के राजापड़ाव गौरगांव इलाके में पुल पुलिया के अभाव में 48 ग्राम पारा-टोला के लोगों की जिंदगी बारिश के दिनों में हथेली पर रहती है। हजारों ग्रामीण जान जोखिम मे डालकर आना जाना करने मजबूर होते हैं। शोभा नदी और बाघ नदी में बाढ़ के कारण यह सिथिति पैदा होती है। कई बार पुल पुलिया की मांग की जा चुकी है। और तो और धरना प्रदर्शन आंदोलन चक्काजाम तक किया जा चुका है।

### सड़क बन रही...

तरह बाधित हो जाता है।

इस मार्ग से संडी, मोहरा, भालूकोना सहित आसपास के कई गांवों के लोग तिल्दा और अन्य शहरों तक आवागमन करते हैं। किसानों, विद्यार्थियों, मरीजों और व्यापारियों के लिए यह सड़क जीवनरेखा के समान है, लेकिन बारिश के दिनों में तेज बहाव के कारण लोगों को जान जोखिम में डालकर रपटा पार करना पड़ता है। हाल ही में हुई बारिश के बाद दोनों रपटों पर पानी का तेज बहाव शुरू हो गया था। स्थिति ऐसी बन गई थी कि दोपहिया वाहन चालकों को काफी मशक्कत के बाद रपटा पार करना पड़ा। वहीं कई लोगों को पानी कम होने का इंतजार करना पड़ा।

### बरसों से मिल...

क्षेत्रवासियों का कहना है कि करोड़ों रुपए की लागत से सड़क निर्माण कराया जा रहा है, ऐसे में पुल निर्माण को नजरअंदाज करना समझ से परे है। सड़क निर्माण के साथ पुल पुलियों का निर्माण पहले होना चाहिए था।

### तीन दिन में ईरान...

और अन्य केंद्र शामिल थे। सेंटकॉम ने बताया कि इन हमलों ने होर्मुज जलडमरूमध्य से स्वतंत्र रूप से गुजरने वाले असैन्य नाविकों और वाणिज्यिक जहाजों पर हमला करने की ईरान की क्षमता को लगातार कमजोर किया है।

फारस की खाड़ी में नई झड़पें तब हुई हैं, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि ईरान युद्ध को लेकर एक अंतरिम समझौता 'खत्म' हो गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सोशल मीडिया पर लिखा, ईरान ने गलत विकल्प चुना। अब उसे इसकी कीमत चुकानी होगी। ईरान की संसद के अध्यक्ष और प्रमुख वार्ताकारों में शामिल मोहम्मद बाघेर कलीबाफ ने इस पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, एकतरफा समझौतों का दौर अब खत्म हो चुका है। हमने आपसे कहा था—अपना वादा निभाइए, वरना कीमत चुकाइए। अब हकीकत दरवाजे पर दस्तक दे रही है। अमेरिका ने पिछले एक सप्ताह में ईरान को निशाना बनाकर तीन दौर के हवाई हमले किए हैं। ये हमले ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे जहाजों पर किए गए हमलों के जवाब में किए गए। ये जहाज ऐसे मार्ग का इस्तेमाल कर रहे थे, जिसका उद्देश्य ईरान के क्षेत्रीय जल से बचते हुए जलडमरूमध्य से गुजरना था। इसके जवाब में तेहरान ने क्षेत्र के उन देशों को निशाना बनाया, जहां अमेरिकी सैन्य बल तैनात हैं। साथ ही ईरान ने जोर देकर कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर केवल उसका नियंत्रण होना चाहिए और वहां से गुजरने वाले जहाजों से वह संभावित रूप से शुल्क भी वसूल सकता है। कतर की सेना ने एक बयान में कहा कि उसने ईरान की ओर से किए गए हमलों को नाकाम कर दिया है। वहीं, पड़ोसी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं। कतर के गृह मंत्रालय ने बताया कि ईरानी हमलों को नाकाम किए जाने के दौरान गिरे मलबे और छर्रों की चपेट में आने से एक बच्चे समेत तीन लोग घायल हो गए। कुवैत की सेना ने भी कहा कि वह देश को निशाना बनाकर किए जा रहे हमलों को नाकाम कर रही है।

इस बीच, फारस की खाड़ी में स्थित द्वीपीय देश बहरीन में रविवार को तीसरी बार मिसाइल हमले की चेतावनी के सायरन बजे। बहरीन में अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े का मुख्यालय स्थित है। वहीं, ओमान के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में स्थित कुछ ठिकानों पर ड्रोन हमले किए गए। यह क्षेत्र होर्मुज जलडमरूमध्य के किनारे स्थित है। ओमान की सरकारी समाचार एजेंसी ने इसकी जानकारी दी है। ईरान ने इससे पहले भी ओमान पर हमले करने का दावा किया था, लेकिन ओमान ने उन हमलों की पुष्टि नहीं की थी। यह हमला ऐसे वक्त हुआ, जब दोनों देशों ने शनिवार को बातचीत की थी।

### मुख्य आरोपी मप्र...

तीनों आरोपी फरार हो गए थे और अपने मोबाइल फोन भी बंद कर दिए थे, जिससे उनकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही थी। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई राज्यों में तलाश की। साथ ही पुलिस रेगुलेशन के प्रावधानों के तहत सूचना देने वालों के लिए 5000 रुपए नकद इनाम की घोषणा की गई। इसी दौरान मिली सटीक सूचना के आधार पर कोरिया पुलिस ने अनुपपुर में घेराबंदी कर मुख्य आरोपी विनोद वैद्य को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी को बैकुण्ठपुर लाकर पूछताछ की गई तथा घटनास्थल का क्राइम सीन रिक्रिएशन भी कराया गया। फिलहाल उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस अब न्यायालय से रिमांड लेकर आगे की पूछताछ करेगी। पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने बताया कि फरार दोनों आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीम लगातार कार्रवाई कर रही है और उन्हें भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। विदित हो कि घटना के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने आईसी मार्ट को सील कर दिया था, साथ ही 9 जुलाई को पुलिस ने संचालक दीपक वैद्य, विनोद वैद्य एवं जगत वैद्य के खिलाफ धारा 296, 107, 308(2), 309(4) बीएनएस तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति निवारण अधिनियम की धारा 3(2) (व्ही) के तहत गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया था।

**पीड़ति परिवार को मिलेगी सहायता राशि-**

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने बताया कि एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत पीड़ति परिवार के लिए 4 लाख 12 हजार 500 रुपए की तत्काल सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत कर दी गई है, जिसका भुगतान नियमानुसार शीघ्र किया जाएगा।

### क्या था पूरा...

कब्जे में रख ली। अगले दिन छात्रा के पिता को घटना की जानकारी मिली। वे दुकान पहुंचे और स्कूटी वापस लेने का प्रयास किया। आरोप है कि इस दौरान 50 हजार रुपए की मांग की गई। इसी दिन घर लौटने पर छात्रा ने रसोई में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### ईपीएफओ ने शुरू...

कार्यालय में ई-मेल के माध्यम से औपचारिक आवेदन प्रस्तुत करना होगा। योजना के तहत राहत पाने के लिए यह भी आवश्यक होगा कि संबंधित ट्रस्ट ने अपने सदस्यों के खातों में ईपीएफओ द्वारा निर्धारित वैधानिक ब्याज दर के बराबर या उससे अधिक ब्याज तथा नियमानुसार अंशदान जमा किया हो। मंत्रालय का कहना है कि इस पहल से छूट प्राप्त पीएफ ट्रस्टों के संचालन में पारदर्शिता बढ़ेगी, भविष्य निधि लाभों का प्रशासन अधिक सुव्यवस्थित होगा और संपूर्ण व्यवस्था कानूनी रूप से अधिक मजबूत बनेगी। इससे नियोक्ताओं और कर्मचारियों, दोनों के हितों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग
» बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड
» बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने हेतु लड़कों एवं हेल्पर की आवश्यकता है। आधार सहित सम्पर्क करें- श्रीबजाज ट्रेडर्स मंगला चौक के पास, CLC प्लाजा के सामने रिंग रोड नं-2 बिलासपुर 7000727385 (41400)

**आवश्यकता है-** हाउस हेल्प कम कुक (सुबह 8बजे से शाम 7बजे), इलेक्ट्रीशियन, स्टोर मैनेजर, स्वीपर एवं महिला सफाई कर्मचारी की आवश्यकता है। अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता। कार्य स्थल- जरहाभाठा, बिलासपुर सम्पर्क- 6264315731 (41399)

**आवश्यकता है-** कंस्ट्रक्शन साईट हेतु अनुभवी स्टोर मैनेजर, जेसीबी हेतु अनुभवी ड्राइवर एवं ऑफिस वर्क के लिए युवक/ युवती की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्रीबालाजी कंस्ट्रक्शन्स बिलासपुर 7974086925, 9907925045 (41403)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने हेतु एवं इलेक्ट्रीशियन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- नूतन इनवर्टर, निगम कॉम्प्लेक्स, देवकीनन्दन चौक, बिलासपुर 9826677626, 9827188163 (41401)

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर ऑपरेटर लड़के चाहिए जिसे busy software में कार्य करने का 2 से 3वर्ष का अनुभव हो। सम्पर्क करे- सुबह 11 से 2बजे कम्प्यूटर सर्विस लाइन, इन्दू चौक बिलासपुर 9977298333 (41398)

**आवश्यकता है-** पेट्रोल पंप हेतु अनुभवी स्टाफ चाहिए। केवल पेट्रोल पंप में पूर्व कार्य अनुभव रखने वाले लड़के ही संपर्क करें। आकर्षक वेतन। इच्छुक उम्मीदवार संपर्क करें। मो.: 8982390812, 7987884236 (41394)

**आवश्यकता है-** तायलटेक ऑफिस में कार्य हेतु लड़के/ लड़कियां (योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट), सफाई हेतु लड़के/ लड़कियां चाहिए (कार्य समय- 8घंटे) पता- तायलटेक, दीनदयाल पार्क के पास, व्यापार विहार बिलासपुर 7987498938, 7697693000 (41404)

**आवश्यकता है-** डेयरी में काम करने हेतु राऊत चाहिए उनकी फेमिली को भी यहां काम मिलेगा। सर्वसुविधायुक्त कवार्टर मिलेगा। रोजी- प्रतिदिन राऊत 400/- रेजा 250/- सम्पर्क करें- 9575302419 (41389)

**आवश्यकता है-** थोक जूता चप्पल दुकान में सेल्समैन तथा पैकिंग कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7000941144 (सम्पर्क समय 12बजे से शाम 5बजे तक) (41390)

**आवश्यकता है-** तत्काल भर्ती सुरक्षागार्ड 25, ड्राइवर 10, फिल्ड ऑफिसर 10 बाइक अनिवार्य, वेतन- 11000 से 18000+ रहना फ्री, साईट बिलासपुर, भूपदेवपुर पता- शॉप नं.-210 फर्स्ट फ्लोर बालाजी प्लाजा 8461881110, 9111000881, 8889823100 (41295)

**आवश्यकता है-** एक बहुमंजिला निर्माणाधीन भवन में कार्य करने हेतु सिविल सुपरवाईजर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- 9111913566 (41385)

**आवश्यकता है-** पुस्तक प्रकाशन में टेलीकॉलिंग हेतु लड़कियों की आवश्यकता है। कंप्यूटर नॉलेज जरुरी। वेतन योग्यता अनुसार। अंग्रेजी वाले को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- Evincepub Publishing, शिवम काम्प्लेक्स, ITI कोनी, बिलासपुर 6260711728, 9171810321 (41350)

**आवश्यकता है-** बेकरी एवं स्वीट्स दुकान में काऊंटर सेल्समैन, स्टोर कीपर, कार ड्राइवर चाहिए। अनुभवी व्यक्ति ही सम्पर्क करें- बेकर्स फार्म, शरण साइकिल के बाजू में, डोमिनोज के सामने, बिलासपुर। 780388885, 9617611110 (41396)

**आवश्यकता है-** रेडीमेड थोक कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़की की आवश्यकता है पेमेन्ट 8000 से 10000 काम सीखा हुआ आना चाहिए सम्पर्क करें- करबला, बिलासपुर 9993727166 (41386)

**Wanted-** Wanted graduate and experienced teacher to teach computer and pre primary teacher ,Aaya. And Drivers. Address :- Krishna public school Rajkishore nagar Bilaspur Contact: 8109912431,,9340772866,,9340767474 (4156)

**आवश्यकता है-** मेडिकल सर्जिकल ऑफिस में कार्य हेतु लड़कियों (योग्यता 12वीं से ग्रेजुएट) एवं साफ सफाई हेतु लड़कियों की आवश्यकता है (कार्य समय 10घंटे) पता- श्रीविनायक सेल्स ए/158, अज्ञेय नगर बिलासपुर 9893367787 (41405)

**आवश्यकता है-** कार वॉशिंग गैराज में कार्य करने हेतु हेल्पर चाहिए। अनुभवी को प्राथमिकता। सैलरी अनुभव के अनुसार। सम्पर्क करें- माँ शारदा कार केयर, संजीवनी हॉस्पिटल के पास, स्मार्ट रोड, बिलासपुर 7879094455 (41406)

**आवश्यकता है-** अंकुर डेली नीड्स में काम करने हेतु अनुभवी लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- रिंग रोड नंबर 2 गौरव पथ भाटिया पेट्रोल के पास बिलासपुर 8085813131 (41395)

**आवश्यकता है-** मशरूम स्पान (बीज) बनाने हेतु 10वीं पास 18 से 25वर्ष के लड़के एवं लड़कियां चाहिए। सम्पर्क करें- श्याम मशरूम एण्ड एग्रो, अशोक नगर चौक, सीपत रोड, सरकंडा बिलासपुर 8085730725 (41383)

**आवश्यकता है-** चायपत्ति में पैकिंग कार्य के लिये लेडिस व लोडिंग अनलोडिंग के लये पुरूष कि आवश्यकता है संपर्क जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM आकृति विहार अमलीडीह रायपुर मों 74699-80000, 0771-4075490 (883)

**आवश्यकता है-** एम्बियंस इंफ्रा ग्रुप बिलासपुर को आवश्यकता है साइट सिविल सुपरवाइजर- 2 पद अनुभव- न्यूनतम 7 साल वेतन- योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7610320000, 7049810000 (41381)

**आवश्यकता है-** डेंटल क्लीनिक में काम करने हेतु लड़कियों की आवश्यकता है। पता शांति डेंटल केयर दयालबंद गुरु द्वारा के पास मेन रोड दयालबंद बिलासपुर सम्पर्क करें- 8109518000 (41377)

**आवश्यकता है-** कार ड्राइवर- 2 पद, ऑफिस बॉय- 1 पद की आवश्यकता है वेतन- योग्यता अनुसार पता- हनुमान हार्डवेयर स्टोर, व्यापार विहार, बिलासपुर सम्पर्क करें- 7879883245 (41375)

**आवश्यकता है-** क्लीनिक में काम करने हेतु लड़की की आवश्यकता है। सैलरी 4000 से 5000 समय सुबह 10 से शाम 8बजे सम्पर्क करें- पुराना बस स्टैण्ड, राजीव प्लाजा के पास बिलासपुर 9770410332 (41379)

**आवश्यकता है-** सिद्धि विनायक सिक्योरिटी सर्विसेज राजेंद्र नगर, बिलासपुर को निम्नलिखित पदों हेतु तत्काल आवश्यकता है (1) सुरक्षा टीम- सुरक्षागार्ड सुपरवाईजर, फील्ड ऑफिसर (2) ऑफिस कार्य कम्प्यूटर ई-टेंडरिंग, इंग्लिश में दक्ष कुशल स्टाफ। सम्पर्क करें- 9111175190, 9098318675 (41349)

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित दवाई दुकान में काम करने हेतु पुरुष फार्मासिस्ट/ नान फार्मासिस्ट कर्मचारियों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता, आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 8959828335 (41352)

## बेचना

**बेचना है-** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, खमतराई में 1 BHK LIG मकान बेचना है, कीमत 22 लाख, सम्पर्क करें- 9770128995 (41387)

**बेचना है-** व्यापार विहार में 375 वर्गफीट का एक कमर्शियल प्लॉट और सिरगिट्टी बिलासपुर के गोविन्द नगर में 3225 वर्गफीट का एक पूर्वमुखी प्लॉट शीघ्र बेचना है वास्तविक खरीददार ही संपर्क करें 9630083740, 9770676030 (41380)

**बेचना है-** हेमू नगर चन्द्रा चौक बिलासपुर में डबल स्टोरी मकान बेचना है (प्लाट साईज 1550 वर्गफीट बिल्टअप 3247 वर्गफीट 4 हाल, 5 बेडरूम, 2 किचन, 2 पूजा 5 लेटबाथ) सम्पर्क करें- 8085955932 (41397)

**बेचना है-** व्यापार विहार रोड स्थित महिमा कॉम्प्लेक्स में 625 वर्गफुट डबल फ्लोर शॉप बिक्री हेतु। प्राइम लोकेशन, शानदार फ्रंटेज, चौड़ी सड़क, व्यवसाय व निवेश के लिए उत्कृष्ट। तत्काल पजेशन। संपर्क: 8982390812, 7987884236 (41393)

**बेचना है-** प्लाट बेचना है मेन एनटीपीसी सीपत रोड में मोपका मेन रोड में 70×169= 11830 वर्गफीट कमर्शियल प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 9202479945 7828539364 (41374)

## किराया


**किराया-** मंगला लोखंडी रोड में नव निर्मित 10 कमरे अटैच बाथरूम जो कि लॉज के लिए उपयुक्त है किराये पर देना है सम्पर्क करें- 9826122148 (41392)

**किराया-** 2 और 4 व्हीलर पार्किंग एवं 24 घंटा पानी, 1BHK, 400 वर्गफुट आंगन की सुविधाओं सहित वेयर हाउस रोड में शाकाहारी परिवार को किराये से देना है संपर्क करें 9893025684 (अग्रवाल) (41388)

## ज्योतिष

**ज्योतिष-** निःशुल्क छत्तीसगढ़िया ज्योतिष विचार देखइया बईगा चमत्कारी काली माई की शक्ति से आर्थिक मानसिक शारीरिक सब्बो समस्या के समाधान बर एक बेर जरूर मिलव मो. 8461886239 (884)

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
गुप्त रोगी स्वयं मिले

शादी से घबराहट गुप्त रोग
■ शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
■ शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
■ लिंग में ढ़ीलापन, छोटापन, पतलापन
■ लिंग में टेढ़ापन
■ वीर्य में शुक्राणु की कमी
■ बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
■ पेशाब में धातु जाना
■ शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि
समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

Advertisement Booking Time 10.30 AM To 4.00 PM

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586
- हिबिस्कस मार्केटिंग एण्ड एडवर्टाइजमेंट:- मो. 8109229025

# अल्वारेज के जादू से सेमीफाइनल पहुंची अर्जेंटीना, स्विट्जरलैंड लौटी घर

अतिरिक्त समय में जूलियन अल्वारेज और लौतारो मार्तिनेज के गोल की मदद से मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने स्विटजरलैंड को 3-1 से हराकर विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बना ली, जहां उसका सामना इंग्लैंड से होगा हालांकि यह मुकाबला उतना आसान नहीं था, जिनका सोचा जा रहा था।




एजेंसी ▶▶| कंसास सिटी

विश्व कप में लगातार गोल करने का लियोनेल मेस्सी का 9 मैचों का सिलसिला टूट गया लेकिन लगातार दूसरे खिताब से अब वह सिर्फ दो जीत दूर हैं। सेमीफाइनल में उसे इंग्लैंड से खेलना है। दूसरे सेमीफाइनल में फ्रांस का सामना स्पेन से होगा और पहली बार फीफा रैंकिंग की शीर्ष चारों टीमें विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंची हैं।

दूसरा हाफ काफी नाटकीय रहा और एक बार फिर रैफरी के फैसले के बाद आलोचक मुखर हो जाएंगे कि टूर्नामेंट में अर्जेंटीना का पक्ष लिया जा रहा है। स्विटरजलैंड ने 67वें मिनट में डैन एनडोये के गोल की मदद से बराबरी की थी जब ब्रील एम्बोलो से टकराने के कारण लिएंड्रो पेरेदेस को येलो कार्ड दिखाया गया। वीडियो से हालांकि जाहिर था कि स्विस खिलाड़ी एम्बोलो अर्जेंटीना के मिडफील्डर से टकराने से पहले ही गिर रहे थे। एम्बोलो को मैच में पहले ही येलो कार्ड मिल चुका था, जो उसे रेडकार्ड में बदल दिया गया। स्विटजरलैंड को आखिर में दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इस विश्व कप में दूसरी बार येलो कार्ड का फैसला बदला गया है।

दूसरे हाफ में स्विस टीम ने लगातार हमले बोले और रिकार्डो रौड्रिगेज के पास पर एनडोये ने बराबरी का गोल दाग दिया । इसके कुछ देर बाद ही हालांकि एम्बोलो को रेडकार्ड मिला। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर रहने के बाद मुकाबला अतिरिक्त समय तक गया।

## एम्बोलो को रेडकार्ड से आगबबूला स्विटजरलैंड टीम




स्विजटरलैंड के फॉरवर्ड ब्रील एम्बोलो को अर्जेंटीना के खिलाफ विश्व कप क्वार्टर फाइनल मैच के दूसरे हाफ में वीडियो रिव्यू के बाद रेडकार्ड दिखाए जाने के फैसले पर विवाद हो गया है और यह तो तय है कि इससे पूरे टूर्नामेंट में रैफरियों की ओर से अर्जेंटीना का पक्ष लिए जाने की आलोचना करने वाले और मुखर हो जाएंगे।स्विटजरलैंड के लिए डैन एनडोये ने 67वें मिनट में बराबरी का गोल दागा । इसके बाद अर्जेंटीना के मिडफील्डर लिएंड्रो पेरेडेस को एम्बोलो से टकराने के कारण येलो कार्ड दिखाया गया लेकिन वीडियो रिव्यू में नजर आया कि पेरेडेस से टकराने से पहले ही एम्बोलो गिर रहे थे। एम्बोलो को मैच में पहले येलो कार्ड मिल चुका था, जिसकी वजह से उन्हें रेडकार्ड दिया गया। मैच 1-1 से बराबर होने के बाद स्विटजरलैंड को दस खिलाड़ियों के साथ ही खेलना पड़ा।

## लगातार गोल का मेस्सी का सिलसिला टूटा

विश्व कप में लगातार गोल का लियोनेल मेस्सी का 9 मैचों का सिलसिला आखिरकार स्विटजरलैंड के खिलाफ टूट गया लेकिन अर्जेंटीना को स्विटजरलैंड पर 3-1 से जीत दिलाने में उन्होंने अहम योगदान दिया। इस विश्व कप में फ्रांस के कीलियन एमबाप्पे के साथ सर्वाधिक आठ गोल कर चुके मेस्सी ने दसवें मिनट में कॉर्नर किक हासिल की और अपने कलात्मक खेल से बॉक्स के भीतर एलेक्सिस मैक एलिस्टर को गेंद सौंपी, जिन्होंने अर्जेंटीना को बढत दिलाई। दूसरे हाफ में दाहिने घुटने के पास ठोकर लगने से मेस्सी को ट्रेनर की मदद लेनी पड़ी थी। स्विटजरलैंड ने 67वें मिनट में बराबरी का गोल किया लेकिन अतिरिक्त समय में जूलियन अल्वारेज और लौतारो मार्तिनेज के गोल के दम पर अर्जेंटीना ने 3-1 से जीत दर्ज की। मैच से पहले स्विटजरलैंड के कोच मुरात याकिन से पूछा गया था कि मेस्सी को कैसे रोकेंगे, जो विश्व कप के कैरियर में अब तक 21 गोल कर



## 2018 के बाद पहली बार सेमीफाइनल में इंग्लैंड, नहीं चला हालैंड का जादू

- अब सेमीफाइनल में अर्जेंटीना से महामुकाबला
- इंग्लैंड ने नॉर्वे को 2-1 से हराया, बेलिंगहम ने दागे 2 गोल

**मियामी गार्डंस।** जूड बेलिंगहम के दो गोल की मदद से इंग्लैंड ने एर्लिंग हालैंड की नॉर्वे को 2-1 से हराकर 2018 के बाद पहली बार विश्व कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में जगह बना ली। बेलिंगहम ने अतिरिक्त समय के तीसरे मिनट में विजयी गोल से पहले शुरुआती हाफ में बराबरी का गोल भी किया था। बेलिंगहम के अब हैरी केन के बराबर छह गोल हो गए हैं और वह आठ गोल करने वाले फ्रांस के कीलियन एमबाप्पे और अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी और नॉर्वे के एर्लिंग हालैंड (सात गोल) से ही पीछे हैं। इस विश्व कप के हर मैच में गोल करने वाले छह फुट पांच इंच लंबे हालैंड का जादू इस मैच में नहीं चल सका। उन्होंने अंतिम 16 के मुकाबले में सह मेजबान मैक्सिको के खिलाफ भी दो गोल किए थे। पिछले 60 साल में खिताब नहीं जीत सकी विश्व कप 1966 विजेता इंग्लैंड का सामना अब अर्जेंटीना से होगा।

### क्वार्टर फाइनल में चमक नहीं बिखेर सके हालैंड



**मियामी।** इस विश्व कप के सबसे चर्चित खिलाड़ियों में से एक और 'वाइकिंग रो' (नॉर्वे का जश्न मनाने का अनूठा अंदाज) के सबसे बड़े स्टार एर्लिंग हालैंड इंग्लैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल चमक नहीं बिखेर सके और नॉर्वे की टूर्नामेंट से निराशाजनक विदाई हुई। मैच में छह फुट पांच इंच लंबे स्ट्राइकर हालैंड कोई प्रभाव नहीं छोड़ सके। अतिरिक्त समय के अंतिम 15 मिनट में नॉर्वे बराबरी का गोल नहीं दाग सकी। इंग्लैंड ने उसे 2-1 से हराया और इस विश्व कप में पहली बार हालैंड के नाम कोई गोल नहीं चढा। टूर्नामेंट में सात गोल कर चुके हालैंड को दूसरे अतिरिक्त समय में बेंच पर बैठना पड़ा।

### नहीं रहे दक्षिण अफ्रीका के मिडफील्डर एडम्स



**जोहानिसबर्ग।** विश्व कप खेल चुके दक्षिण अफ्रीका के मिडफील्डर जेडेन एडम्स का 25 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। दक्षिण अफ्रीका के खेल, कला और संस्कृति मंत्री गेटोन मैकेंजी ने उनके निधन की पुष्टि की। मैकेंजी ने एक्स पर लिखा,' बहुत दुख और भारी मन से यह बता रहा हूं कि मुझे जेडन एडम्स के निधन के बारे में पता चला है, जो टीम के मिडफील्डर थे। वह 25 वर्ष के थे।' उन्होंने लिखा,' दक्षिण अफ्रीका फुटबॉल ने अपने सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में से एक को खो दिया। उनके परिवार, टीम और लाखों प्रशंसकों के साथ पूरा देश शोक में है।'

## खबर संक्षेप

### एवियन चैंपियनशिप : संयुक्त 33वें स्थान पर अदिति



**एवियन-लेस-बैंस।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने तीसरे राउंड में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया, जिससे वह एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 33वें स्थान पर पहुंच गईं। अदिति ने पार-71 वाले कोर्स पर शुरुआती दो राउंड में एक समान 70 का स्कोर बनाया था। उन्होंने तीसरे राउंड में दो बोगी की और चार बर्डी बनाईं।

### पाकिस्तान के क्षेत्ररक्षण कोच मैकडरमॉट ने दिया इस्तीफा



**लाहौर।** पाकिस्तान के क्षेत्ररक्षण कोच शेन मैकडरमॉट ने एक साल तक काम करने के बाद वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के आगामी दौरे से ठीक पहले इस्तीफा दे दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि मैकडरमॉट टीम के साथ इन दौरों पर नहीं जाएंगे। पीसीबी ऑस्ट्रेलिया के इस कोच की जगह मंसूर अमजद को नियुक्त करने का इच्छुक है, जिन्होंने शाहीन (पाकिस्तान ए टीम) और अंडर-19 टीमों के साथ काम किया है।

## टीम इंडिया में करारी हार के बाद दो बदलाव, प्रिंस और बिश्नोई को मौका

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम




युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा और अनुभवी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अनिश्चितकाल के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह भारत की आगामी एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमों में क्रमशः प्रिंस यादव और रवि बिश्नोई को शामिल किया गया है। प्रिंस, राणा की जगह इंग्लैंड में भारतीय एकदिवसीय टीम से जुड़ेंगे।

### बिश्नोई को मिला एक और मौका

ओल्ड ट्रैफर्ड में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के 17वें ओवर में 29 रन खर्च कर भारत की हार के कारण बने लेग स्पिनर बिश्नोई को जिम्बाब्वे में इस महीने के आखिर में शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए चक्रवर्ती की जगह एक और मौका मिला है।

बीसीसीआई ने कहा, 'राणा ने ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के दौरान अपने दाहिने पैर में अचानक तकलीफ महसूस की। बाद में हुए स्कैन में 'ग्रेड-एक हैमस्ट्रिंग' चोट की पुष्टि हुई।' बयान के अनुसार, ''उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है। चक्रवर्ती 'ग्रेड-दो हैमस्ट्रिंग' चोट से जूझ रहे हैं। इस चोट के कारण उनके पूरी तरह फिट होने में तीन से छह महीने का समय लग सकता है।

### इंग्लैंड के खिलाफ वनडे अपडेटेड टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़ और प्रिंस यादव।

### जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 अपडेटेड टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा (उप-कप्तान), इशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, सूर्यांश शेडगे, रिंकू सिंह, हर्ष दुबे, प्रिंस यादव, यश ठाकुर, अशोक शर्मा, मयंक यादव, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर) और रवि बिश्नोई।

## लॉर्ड्स के 'ऑनर्स बोर्ड' पर क्रांति का नाम, बनीं पहली महिला गेंदबाज

एजेंसी ▶▶| लंदन



भारतीय तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में पांच विकेट लेने के बाद 'लॉर्ड्स ऑनर्स बोर्ड' (सम्मान पट्टिका) पर नाम दर्ज कराने वाली पहली महिला बनना उनके और उनके परिवार के लिए बेहद गर्व की बात है।

क्रांति ने 37 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे भारत ने इंग्लैंड को 170 रन पर आउट कर दिया। क्रांति ने कहा, ' यह मेरे लिए पूरी तरह से अलग अहसास है। लॉर्ड्स ऑनर्स बोर्ड पर अपना नाम दर्ज कराने वाली पहली महिला बनने पर मुझे बहुत गर्व है। यह मेरे परिवार के लिए भी गर्व की बात है।' इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ एक वनडे मैच में 52 रन देकर छह विकेट लिए थे।

### प्रत्येक गेंदबाज का सपना

क्रांति ने कहा, 'प्रत्येक गेंदबाज का सपना होता है कि वह पांच विकेट हासिल करे। हम पहली बार लॉर्ड्स में खेल रहे हैं, इसलिए मैं सोच रही थी कि अगर मैं अगर मैं पांच विकेट लेने में सफल रही तो सम्मान पट्टिका पर अपना नाम दर्ज करा सकती हूं और इससे टीम की जीत में भी मदद कर सकती हूं।' क्रांति ने लॉरेन बेल को आउट ने करके अपना पांचवा विकेट लिया जिनका शेफाली वर्मा ने शानदार कैच लिया था। क्रांति ने कहा, जो भी होता है अच्छे के लिए होता है। आज मुझे ऐसा लग रहा था कि मैं पांच विकेट ले लूंगी। स्नेह राणा (पहली स्लिप पर) ने कैच लेने के लिए वास्तव में अच्छा प्रयास किया था। जब वह उसे नहीं पकड़ पाई तो शेफाली ने उसे लपक लिया।

## वनडे सीरीजः वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड को दी मात, बनाई 1-0 की बढ़त

**प्रोविडेंस।** केसी कार्टी के 95 और शाइ होप के नाबाद 87 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने 5 मैचों की वनडे श्रृंखला के पहले मैच में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराकर बढत बना ली। कार्टी अपना पांचवां वनडे शतक बनाने से पांच रन से चूक गए लेकिन उनकी और होप की 131 रन की साझेदारी की मदद से वेस्टइंडीज ने 267 रन का लक्ष्य सात गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। होप ने शेरफान रदरफोर्ड (नाबाद 22) के साथ 31 गेंद में 45 रन की अटूट साझेदारी की।



### न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल ने जड़ा शतक

न्यूजीलैंड के लिए डेरिल मिशेल ने शतक लगाया जबकि विल यंग ने 49 रन की पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिए 80 रन जोड़े। इसके बाद हेनरी निकोल्स (27), माइकल ब्रेसवेल (29), मार्क चैपमैन (27), टॉम लैथम (25) और मिचेल सेंटनेर (21) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके।

## तीरंदाजी विश्व कप : धीरज और कीर्ति पदक से चूके, रिकर्व वर्ग में उम्मीदें

**मैड्रिड।** धीरज बोम्मादेवरा और कीर्ति शर्मा की भारतीय रिकर्व मिश्रित जोड़ी 3-1 से बढ़त का फायदा नहीं उठा पाई और रविवार को तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में इटली से 3-5 से हारकर कांस्य पदक से चूक गई। अंताल्या विश्व कप चैंपियन धीरज के लिए यह विश्व कप निराशाजनक रहा। उन्होंने पिछले महीने तीसरे चरण में कुमकुम मोहद के साथ रिकर्व मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक जीता था लेकिन मैड्रिड से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ेगा। भारत की रिकर्व वर्ग में उम्मीदें अब पूरी तरह से कीर्ति पर टिकी हैं, जो व्यक्तिगत सेमीफाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस मैच में जीत हासिल करने पर 19 वर्षीय कीर्ति विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने में सफल रहेंगी। कीर्ति ने पिछले महीने अंताल्या में विश्व कप में पदार्पण किया था।



## मेस्सी का जादू, एमबाप्पे की रफ्तार या केन की कप्तानी, अंतिम चार में किसे चुनेंगे?

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना या कीलियन एमबाप्पे की फ्रांस या फिर हैरी केन की इंग्लैंड ? फुटबॉल के महासमर से अगर आपकी पसंदीदा टीम बाहर हो गई है और आपको समझ में नहीं आ रहा कि सेमीफाइनल में किस टीम का समर्थन करें तो यह आपके लिए है। इसके लिए सेमीफाइनल में पहुंची चारों टीमों के बारे में हम संक्षिप्त जानकारी दे रहे हैं ताकि आप खुद चयन कर सकें।



### अर्जेंटीना

#### स्टार खिलाड़ी : मेस्सी

अर्जेंटीना 1958 और 1962 में ब्राजील के बाद लगातार दूसरी बार खिताब जीतने वाली टीम बनना चाहती है। मेस्सी विश्व कप के इतिहास में सर्वाधिक 21 गोल कर चुके हैं और इस बार टूर्नामेंट में आठ गोल करके शीर्ष पर हैं। क्वार्टर फाइनल में अतिरिक्त समय में दो गोल करके अर्जेंटीना ने स्विटजरलैंड को 3- से हराया।

**नारा** : ''वामोस, वामोस अर्जेंटीना ''।

**अर्जेंटीना को क्यों चुने** : शर्तिया अच्छा प्रदर्शन, दस नंबर की जर्सी वाले (मेस्सी) का जादुई खेल।



### फ्रांस

#### स्टार खिलाड़ी : एमबाप्पे माइकल ओलिसे

2018 में चैंपियन 2022 में उपविजेता और इस साल की प्रबल दावेदार। विश्व कप के दिग्गज फ्रांस के कोच दिदियेर डेसचैम्प्स बतौर कप्तान 1998 में खिताब जीत चुके हैं जब जिनेदीन जिदान टीम में हुआ करते थे। वहीं 20 साल बाद बतौर कोच टीम को खिताब दिलाया।

**नारा** : 'एलेज लेस ब्लूज '।

**फ्रांस को क्यों चुने** : अगर आपको गगनचुंबी इमारतें, शैंपेन, फैशन, फ्रेंच ब्रेड पसंद है। फुटबॉल में जबर्दस्त आक्रमण पंक्ति।



**NAME CHANGE**

It is informed to the general Public that I O M P R A K A S H KESHARWANI S/O SHITAL PRASAD KESHARWANI Resident of KEWDA BADI BAS STEND CHOUK, WARD NO. 11 RAIGARH DIST RAIGARH (C.G.) 496001.

I have changed my old name OMPRAKASH KESHWARWANI S/O SHITAL PRASAD KESHARWANI so in future I should be recognized by my new name that is O M P R A K A S H KESHARWANI S/O SHITAL PRASAD KESHARWANI in all government and other documents.

**OMPRAKASH KESHARWANI S/O SHITAL PRASAD KESHARWANI KEWDA BADI BAS STEND CHOUK, WARD NO. 11, RAIGARH RAIGARH (C.G.) 496001 .POST - RAIGARH H.O.**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general Public that I SUYASH KESHARWANI S/O O M P R A K A S H KESHARWANI Resident of WARD NO 11 HOUSE NO 221 LAL TANKI ROAD, BUS STEND CHOUK RAIGARH DIST RAIGARH (C.G.) 496001.

I have changed my old name SUYASH KESHWARWANI S/O O M P R A K A S H KESHWARWANI so in future I should be recognized by my new name that is SUYASH KESHARWANI S/O O M P R A K A S H KESHARWANI in all government and other documents.

**SUYASH KESHARWANI S/O OMPRAKASH KESHARWANI WARD NO 11 HOUSE NO 221 LAL TANKI ROAD, BUS STEND CHOUK RAIGARH RAIGARH (C.G) 496001**




# एक सेकंड में करीब 3.6 मीटर! चीते की रफ्तार से भागती है यह शिकारी मकड़ी



बर्लिन। दुनिया में एक ऐसी मकड़ी भी है जो चीते की तरह भागती है। ऑस्ट्रेलिया की जंगल हंट्समैन मकड़ी ने रफ्तार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। साइंटिस्ट्स ने इसे दुनिया की सबसे तेज भागने वाली मकड़ी घोषित किया है। एक नई लैब स्टडी में इस बात का बड़ा खुलासा हुआ है। यह मकड़ी एक सेकंड में करीब 3.6 मीटर की दूरी तय कर सकती है। इसकी यह स्पीड देखकर पूरी दुनिया के एक्सपर्ट्स हैरान हैं। इससे पहले मोरक्को की फ्लिक-फ्लैक मकड़ी को सबसे तेज माना जाता था। उसकी स्पीड करीब 1.7 मीटर प्रति सेकंड थी। अब ऑस्ट्रेलिया की इस मकड़ी ने पुराना रिकॉर्ड पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। जर्मनी की यूनिवर्सिटी ऑफ ग्रीफ्सवाल्ड और इंपीरियल कॉलेज लंदन के रिसर्चर्स ने यह स्टडी की है। उन्होंने दुनिया भर की 160 से ज्यादा मकड़ियों की प्रजातियों पर टेस्ट किया। इस टेस्ट के बाद हंट्समैन मकड़ी को विजेता घोषित किया गया।

### कैसे किया गया मकड़ियों की स्पीड का यह अनोखा टेस्ट?

साइंटिस्ट्स ने इस बड़े रिसर्च के लिए खास इंतजाम किए थे। उन्होंने यूके, नॉर्थ अमेरिका और यूरोप से लाइव मकड़ियां मंगवाई थीं। कुछ मकड़ियों को पेट शॉप्स से भी खरीदा गया था। रिसर्चर्स ने कुल 236 मकड़ियों की स्पीड को मापा। इसके लिए ए4 और ए3 साइज के ग्रिड पेपर का इस्तेमाल किया गया। इन पेपर्स पर मकड़ियों को दौड़ाया गया। उनकी मूवमेंट को समझने के लिए हाई-टेक कैमरे लगाए गए थे। मकड़ियां दीवारों पर चढ़कर भाग न जाएं इसके लिए खास इंतजाम थे। ट्रे की दीवारों पर लिक्विड पैराफिन लगाया गया था। क्वींसलैंड से लाई गई हंट्समैन मकड़ी इस टेस्ट में सबसे आगे रही। उसने 3.59 मीटर प्रति सेकंड की हैरान करने वाली स्पीड हासिल की।



### क्या मकड़ी के वजन से तय होती है उसकी भागने की रफ्तार?

इस स्टडी में एक बहुत ही दिलचस्प बात सामने आई है। रिसर्चर्स के मुताबिक मकड़ी की स्पीड उसके वजन पर निर्भर करती है। आमतौर पर भारी वजन वाली मकड़ियां ज्यादा तेजी से दौड़ती हैं। जैसे सिर्फ 1 मिलीग्राम वजन वाली मनी स्पाइडर बहुत धीरे चलती है। उसकी स्पीड महज 0.018 मीटर प्रति सेकंड रिकॉर्ड की गई। इसके उलट भारी हंट्समैन मकड़ी सबसे तेज निकली। लेकिन, हर बार वजन ही सब कुछ नहीं होता है। एक जैसे वजन वाली मकड़ियों की स्पीड में भी भारी अंतर देखा गया। ऑरेंज पर्स-वेब और ट्यूब-वेब मकड़ी दोनों का वजन 200 मिलीग्राम था। फिर भी उनकी टॉप स्पीड में 28 गुना का बड़ा अंतर मिला।


### किस वजह से हंट्समैन मकड़ी बनती है इतनी ज्यादा फुर्तीली?

साइंटिस्ट्स ने मकड़ियों के शरीर की बनावट पर भी स्टडी की है। जिन मकड़ियों के पैर लंबे होते हैं. वे ज्यादा तेज दौड़ती हैं। हालांकि, पैरों का पतला होना स्पीड के लिए जरूरी नहीं है। मकड़ी कहां शिकार करती है, इससे भी उसकी स्पीड तय होती है। जमीन पर या पत्तियों के बीच शिकार करने वाली मकड़ियों की स्पीड अलग होती है। सीधे चलने वाली और उल्टी लटकने वाली मकड़ियों की रफ्तार में भी फर्क होता है। इस रिसर्च में एक बेहद छोटी ऑरेंज गॉब्लिन मकड़ी भी मिली। इसका वजन केवल 0.1 मिलीग्राम था, लेकिन इसकी स्पीड 0.2 मीटर प्रति सेकंड थी। रिसर्चर श्रेयस कुचिभोटला ने कहा, 'यह मकड़ी इतनी तेज थी कि पलक झपकते ही गायब हो जाती थी।'



# एआई ने किया कमाल

## भूकंप आने से हफ्तों पहले मिल जाएगा अलर्ट, वैज्ञानिकों ने खोजा तरीका!






एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भूकंप एक ऐसी आपदा है जो बिना बताए अचानक आती है और सब कुछ तबाह कर देती है। वैज्ञानिक सालों से प्रयास कर रहे थे कि कास इसका पता थोड़ा पहले चल जाए, जिससे लोगों की जान बचाई जा सके। अब वैज्ञानिकों को इसी राह में बड़ी कामयाबी मिली है। एआई की सहायता से एक ऐसा तरीका खोजा है, जो बड़ा भूकंप आने से कई हफ्ते पहले ही जमीन के अंदर होने वाली हलचलों को पकड़ लेगा और अलर्ट दे देगा।वैज्ञानिकों का मानना है कि इसे भयानक तबाही से बचा जा सकता है। जीएफजेड हेल्महोलत्ज सेंटर फॉर जियोसाइंसेस के रिसर्चर्स ने एक ऐसा नया एआई मॉडल तैयार किया है, जो बड़ा भूकंप आने से हफ्तों या महीनों पहले ही जमीन के नीचे होने वाली हलचलों में छिपे चेतावनी के संकेतों को पकड़ सकता है। यह स्टडी मशहूर साइंस जर्नल नेचर कम्युनिकेशंस में पब्लिश हुई है।

### कैसे काम करता है यह नया एआई सिस्टम?

आमतौर पर बड़े भूकंप आने से पहले हजारों छोटे-छोटे झटके आते हैं, जिन्हें सामान्य मानकर इग्नोर कर दिया जाता है। इंसानी आंखों या पुराने तौर-तरीकों से इन लाखों आंकड़ों में कोई खास पैटर्न खोजना नामुमकिन जैसा था। रिसर्चर्स ने इस काम के लिए अनसुपरवाइज्ड मशीन लर्निंग का प्रयोग किया। इस तकनीक की खासियत यह है कि कंप्यूटर को पहले से कोई फिक्स पैटर्न नहीं सिखाया जाता, बल्कि एआई खुद ही डेटा को खंगालकर उसमें छिपे हुए अजीब या नए पैटर्न्स का पता लगाता है। वैज्ञानिकों ने भूकंपों को अलग-अलग घटनाओं के रूप में देखने के बजाय उन्हें आपस में जुड़े परिवारों में बांटा है।

### खतरनाक तैयारी को पहचान लिया

वैज्ञानिकों ने इस नए एआई मॉडल को दुनिया के कुछ सबसे बड़े और ऐतिहासिक भूकंपों के डेटा पर टेस्ट किया।
तुर्की- 7.8 तीव्रता का विनाशकारी भूकंप।
चिली- 8.1 तीव्रता का भूकंप।
इटली- एल'अक्विला भूकंप।
इन सभी मामलों में, इस एआई सिस्टम ने मुख्य भूकंप आने से कई हफ्ते पहले ही जमीन के नीचे चल रही खतरनाक तैयारी को पहचान लिया।




## रोचक खबरें

### भारत में है दुनिया का सबसे अमीर गांव, जहां घर-घर में एनआरआई

नई दिल्ली। जब भी किसी गांव की बात होती है, तो ज्यादातर लोगों के मन में कच्ची सड़कें, खेती-किसानी और सीमित सुविधाओं वाली जिंदगी की तस्वीर आ जाती है। लेकिन, आज हम आपकी गलतफहमी को दूर करने जा रहे है। दरअसल, भारत में एक ऐसा गांव भी है, जिसने इस सोच को पूरी तरह



बदल दिया है। यहां के लोगों के पास न सिर्फ शानदार पक्के घर हैं, बल्कि बैंक खातों में भी करोड़ों रुपए जमा हैं। यही वजह है कि इस गांव को दुनिया का सबसे अमीर गांव भी कहा जाता है। दरअसल, हम बात कर रहे हैं गुजरात के कच्छ जिले में स्थित माधापर गांव की। रेगिस्तान के करीब बसे इस गांव की अमीरी की चर्चा सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में होती है। माधापर गांव की सबसे बड़ी खासियत यहां की आर्थिक मजबूती है। गांव में करीब 19 बैंक हैं, जो किसी छोटे शहर में भी कम ही देखने को मिलते हैं। इस गांव में 7,600 से अधिक पक्के मकान हैं। यहां रहने वाले लोगों के बैंक खातों में बड़ी मात्रा में धन जमा है। अलग-अलग रिपोर्टों के अनुसार, गांव के लोगों की बैंकों में 8000 करोड़ से ज्यादा रुपए जमा है। यही नहीं, यहां रहने वाले कई परिवार आर्थिक रूप से इतने मजबूत हैं कि उनके बैंक खातों में औसतन लाखों रुपए जमा हैं। सिर्फ बैंक ही नहीं, बल्कि गांव में स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, पार्क, झील, मंदिर और गौशाला जैसी सभी जरूरी सुविधाएं भी मौजूद हैं। यानी सुविधाओं के मामले में यह गांव कई शहरों को भी टक्कर देता है।

### इस शख्स के पास हैं 16 पासपोर्ट, 6 साल 6 महीने 22 दिन में घूम ली पूरी दुनिया

**नई दिल्ली**। पासपोर्ट आमतौर पर लोग सालों तक संभालकर रखते हैं। कई लोगों के पासपोर्ट में गिने-चुने वीजा और कुछ मुहरें ही होती हैं। लेकिन, एक शख्स ऐसा भी है, जिसकी घूमने की चाहत ने पासपोर्ट के पन्नों की गिनती ही खत्म कर दी.



सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो खूब देखा जा रहा है, जिसमें वो अपनी पुरानी पासपोर्ट बुक्स दिखा रहा है। हैरानी की बात ये है कि उसकी एक-दो नहीं, बल्कि 16 पासपोर्ट बुक वीजा और इमिग्रेशन स्टैम्प से भर चुकी हैं। बताया जाता है कि उसने सिर्फ 6 साल 6 महीने 22 दिन में पूरी दुनिया की यात्रा पूरी कर ली. अब लोग उसकी कहानी सुनकर चौंक रहे हैं। वायरल वीडियो में नजर आने वाले बेनी प्रसाद एक म्यूजिशियन और ट्रैवलर हैं। उन्होंने दुनिया के कई देशों का दौरा किया। सफर इतना ज्यादा रहा कि पासपोर्ट के पन्ने जल्दी-जल्दी भरते गए। जब एक पासपोर्ट में जगह खत्म हो जाती थी तो नया बनवाना पड़ता था। इसी तरह समय के साथ उनकी 16 पासपोर्ट बुक इस्तेमाल हो गईं। बेनी के मुताबिक कई देशों में जाने से पहले वीजा लेना जरूरी होता है। हर बार नया वीजा पासपोर्ट में जुड़ता गया।

# यहां दूर-दूर से मार खाने आती हैं लड़कियां, बॉडी पर पड़ जाते हैं निशान, शौक से तुड़वाती हैं हड्डियां!

एजेंसी ▸▸| बीजिंग

चीन की युवा पीढ़ी फिटनेस और सेल्फ डिफेंस को लेकर बेहद जुनूनी है। लेकिन, कुछ लड़कियां सामान्य जिम या योग की बजाय बेहद कठिन और दर्द भरे ट्रेनिंग को चुन रही हैं। चीन में 'पेन जोन' नाम का एक स्पेशल ट्रेनिंग सेंटर चल रहा है, जहां लड़कियां शौक से मार खाने आती हैं।

यह एक खास कुंग फू ट्रेनिंग सेंटर है, जहां एडमिशन लेने के लिए पहले उम्मीदवार को शारीरिक परीक्षा से गुजरना पड़ता है। शिफू (मास्टर) और उनके सहयोगी लाठी-डंडों, घूसों और लातों से लड़कियों को बुरी तरह पीटते हैं। कई लड़कियों की बॉडी नीली पड़ जाती है, कुछ की हड्डियां तक चोटिल हो जाती हैं। फिर भी ये लड़कियां दर्द सहकर ट्रेनिंग जारी रखती हैं। इस ट्रेनिंग का उद्देश्य लड़कियों को सिर्फ शारीरिक रूप से नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी इतना मजबूत बनाना है कि कोई भी मुश्किल उन्हें तोड़ ना सके। कुंग फू की पारंपरिक ट्रेनिंग में दर्द सहना बहुत जरूरी माना जाता है। जो लड़कियां इस पेन जोन को पूरा कर लेती हैं, उन्हें आगे प्रोफेशनल कुंग फू, सेल्फ डिफेंस और कॉम्पिटिशन लेवल की ट्रेनिंग दी जाती है। यह सेंटर सिर्फ लोकल लड़कियों तक सीमित नहीं है। चीन के अलग-अलग शहरों और यहां तक कि दूसरे देशों से भी लड़कियां यहां ट्रेनिंग लेने आ रही हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो देखकर कई लड़कियां प्रेरित हो रही हैं। चीन में कुंग फू सिर्फ मार्शल आर्ट नहीं, बल्कि जीवनशैली है। युवा पीढ़ी खासकर लड़कियां सेल्फ डिफेंस, फिटनेस और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए कुंग फू सीख रही हैं। पेन जोन जैसे सेंटर इस ट्रेंड को और बढ़ावा दे रहे हैं।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com